संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -170 शनिवार ,22 अप्रैल 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# अल-कायदा की धमकी,अतीक-अशरफ की हत्या का बदला लेंगे

## कुख्यात आतंकी संगठन अल-कायदा ने सात पन्नों की मैग्जीन जारी कर कहा अतीक और अशरफ की हत्या का बदला लेंगे...

**नई दिल्ली ,21 अप्रैल 2023 (ए)।** अतीक और अशरफ हत्या मामले में बड़ी आतंकी धमकी मिली है. अल-कायदा ने अतीक की हत्याकांड का बदला लेने की धमकी दी है. आतंकवादी संगठन अल-कायदा ने सात पन्नोंकी मैग्जीन जारी कर कहा कि इस हत्याकांड का बदला लेंगे. कुख्यात आतंकी संगठन की इस धमकी के बाद जांच एजेंसियां हाई अलर्ट पर आ गई हैं।

### अल-कायदा ने दी अतीक की हत्याकांड का बदल लेने की धमकी

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की 15 अप्रैल की रात प्रयागराज में हत्या कर दी गई थी. पुलिस की सुरक्षा के बीच इस सनसनीखेज हत्याकांड को शूटर अरुण मौर्या, सनी और लवलेश तिवारी ने अंजाम दिया था. तीनों पत्रकार बनकर पहुंचे, इसके बाद जैसे ही अतीक और अशरफ ने मीडिया से बात करनी शुरू की, तीनों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. इस दौरान हुई करीब 18 राउंड फायरिंग में 8 गोलियां अतीक को लगीं. इस हत्याकांड की जांच चल रही है।

### पटना में की थी अतीक के समर्थकों ने नारेबाजी

शुक्रवार जुमे की नमाज के बाद पटना में अतीक अहमद के समर्थन में नारेबाजी हुई थी. देश में अतीक अहमद की हत्या के बाद से इस घटना सियासी रंग ले लिया है. कोई इसे साजिश बता रहा है तो कोई इस हत्याकांड को हिंदू-मुसलमान वाला एंगल दे रहा है. ऐसे में अल कायदा की धमकी ने आग में घी डालने का काम किया है।

### ईद से पहले प्रयागराज में कड़ी सुरक्षा के कड़े इंतजाम

ईद से पहले प्रयागराज समेत यूपी के कई शहरों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए. जिसकी झलक जुमे की नमाज के दौरान भी दिखाई दी. उधर, पुलिस कोशिश कर रही है



कि अतीक और उसके गैंग से जुड़े लोगों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए. ताकि कोई भी सुरक्षा-व्यवस्था को बिगाड़ ना पाए. हालांकि अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के बाद जांच में जुटी पुलिस टीमों के लिए एक और मुश्किल सामने आई है. अतीक के गुर्गों के लगभग 800 नंबर अचानक बंद हो गए हैं. सभी 800 नंबर सर्विलांस पर लगे हुए थे. बंद हुए नंबरों का डिटेल खंगाला जा रहा उनकी कॉल डिटेल ली जा रही है।

### असद की मोबाइल चैट से बड़ा खुलासा हुआ है

इस बीच पुलिस एनकाउंटर में मारे गए अतीक अहमद के बेटे असद की मोबाइल चैट से बड़ा खुलासा हुआ है. असद और उसके सके वकील की मोबाइल चैट सामने आई है. वकील खान सौलत हनीफ ने हत्याकांड से 5 दिन पहले उमेश पाल की फोटो असद को भेजी थी. अब पुलिस इस इसकी जांच कर रही है हत्याकांड से जुड़े एक-एक कड़ियों को जोड़ रही है।

### हत्याकांड को हिंदू-मुसलमान वाला एंगल देने की कोशिश

अतीक अहमद की हत्या के बाद से इस घटना सियासी रंग ले लिया है. कोई इसे साजिश बता रहा है. कोई इस हत्याकांड को हिंदू-मुसलमान वाला एंगल दे रहा है. यही वजह है कि ईद से पहले प्रयागराज समेत यूपी के कई शहरों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. जिसकी झलक जुमे की नमाज के दौरान भी दिखाई दी।

### अतीक की हत्या में गुड्डू मुस्लिम के हाथ होने का शक

अतीक अहमद की हत्या के बाद ये शक गहराता जा रहा है कि अतीक की हत्या के पीछे गुड्डू मुस्लिम ही है. इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए गुड्डू मुस्लिम के पुराने आका की लिस्ट खोजी गई. तो ये खुलासा हुआ कि गुड्डू मुस्लिम जिसके साथ जुड़ा उसकी हत्या हो गई और इसइसमें मुखबिर के तौर पर नाम आया गुड्डू मुस्लिम का. लेकिन अब ये खुलासा हो रहा है कि गुड्डू जितना बड़ा बमबाज है उससे कहीं बड़ा धोखेबाज है. जो लोग गुड्डू मुस्लिम के पुराने कारनामों से वाकिफ हैं वो दावा कर रहे हैं कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे गुड्डू मुस्लिम ने ठगा नहीं।

### धोखा देना गुड्डू मुस्लिम की फितरत में है

वो हिस्ट्रीशटर अभय सिंह के साथ जुड़ा उसे भी धोखा दिया. फिर हिस्ट्रीशीटर धनंजय सिंह का हमराज बना तो उसे भी धोखा दिया. उत्तर प्रदेश के माफिया डॉन श्रीप्रकाश शुक्ला का शूटर बना तो उसे भी धोखा दिया और अब अतीक अहमद का बमबाज बना तो उसके लिए भी घोखेबाज बन गया।.

## रणधीर सिंह लल्ला ने किया गुड्डू पर खुलासा

गुड्डू मुस्लिम को जानने वाले कहते हैं कि धोखा देना गुड्डू मुस्लिम की फितरत में है, गुड्डू जिसके साथ रहा या तो उसकी जान ले ली या फिर मुखबिरी कर रास्ते से हटा दिया. टीवी पर पहली बार गुड्डु मुस्लिम के धोखेबाजी का सबूत मिल गया है. ये खुलासा किया है चर्चित बाहबाहुबली अभय सिंह के करीबी रहे रणधीर सिंह लल्ला ने किया.

# सुप्रीम कोर्ट ने गोधरा ट्रेन अग्निकांड आठ दोषियों को दी जमानत

» चार अन्य की याचिका खारिज

» गोधरा ट्रेन अग्निकांड

**नई दिल्ली,21 अप्रैल 2023(ए)।** गुजरात में 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में आठ आजीवन कारावास की सजा काट रहे दोषियों को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जमानत दे दी, लेकिन अन्य चार दोषियों को मामले में उनकी भूमिका को देखते हुए बरी करने से इनकार कर दिया गया।

फरवरी 2002 में, गुजरात के गोधरा में ट्रेन के एक डिब्बे में आग लगने से 59 लोगों की मौत हो गई थी, जिससे राज्य में दंगे भड़क उठे थे।

गुजरात सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा ने कहा कि इस मामले में चार आरोपियों की भूमिका के चलते उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती। आरोपी करीब 17 साल कैद की सजा काट चुके हैं चार आरोपियों की जमानत का विरोध करते हुए मेहता ने कहा कि उनमें से एक के पास से लोहे का रॉड बरामद की गई और दूसरे आरोपी के पास से एक हथियार बरामद किया गया, जो एक छड़ी पर लगा दरांती है।

मेहता ने कहा कि एक अन्य आरोपी ने पेट्रोल खरीदा, जिसका इस्तेमाल कोच को जलाने के लिए किया गया था और आखिरी आरोपी ने यात्रियों पर हमला किया और उन्हें लूटा।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने सुझाव दिया कि अदालत चारों दोषियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर सकती है, जिनकी जमानत का मेहता ने विरोध किया था और अन्य दोषियों को जमानत दे दी। हेगड़े ने जारी रखा कि उन्होंने यह



सुझाव विशेष रूप से इसलिए दिया क्योंकि शनिवार को विषेश त्योहार है और पीठ से चार दोषियों की जमानत याचिकाओं पर दो सप्ताह के बाद सुनवाई करने का आग्रह किया, यह कहते हुए कि उनकी ओर से दलीलें दी जानी है।

एक अन्य वरिष्ठ वकील ने भी पीठ से चार आरोपियों की जमानत याचिका खारिज नहीं करने और उनकी जमानत याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित करने का आग्रह किया। मेहता ने जोर देकर कहा कि अदालत को चारों दोषियों की जमानत याचिकाओं को खारिज कर देना चाहिए और कहा कि अदालत एक या दो साल के बाद इन आवेदनों को पुनर्जीवित करने के लिए इसे खुला छोड़ सकती है।

दलीलें सुनने के बाद पीठ ने आठ दोषियों को जमानत दे दी और चार दोषियों की जमानत खारिज कर दी। सुनवाई का समापन करते हुए, पीठ ने उन आठ याचिकाकर्ताओं के लिए, जिन्हें उसने जमानत दी थी, कहाः हम निर्देश देते हैं कि उन्हें ऐसे नियमों और शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाए जो सत्र अदालत द्वारा लगाई जा सकती हैं। सुनवाई की अंतिम तिथि पर शीर्ष अदालत ने इस मामले में दो दोषियों की जमानत खारिज कर दी थी।

गुजरात सरकार ने 11 दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

शीर्ष अदालत को सूचित किया गया कि इस मामले के कई आरोपियों ने मामले में अपनी दोषसिद्धि को बरकरार रखने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है।

पिछले साल 15 दिसंबर को, सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड के एक आरोपी को जमानत दे दी थी, जिसके बाद गुजरात में सांप्रदायिक दंगे हुए थे। इस साल जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने अब्दुल रहमान धंतिया उर्फ कंकट्टो, अब्दुल सत्तार इब्राहिम गद्दी असला और अन्य की जमानत याचिकाओं पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया था।



# मुख्तार अंसारी की पत्नी के खिलाफ पुलिस का शिकंजा

» जारी किया लुकआउट नोटिस

**लखनऊ,21 अप्रैल 2023 (ए)।** माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी अफ्शा अंसारी के खिलाफ यूपी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। काफी दिनों से फरार चल रही अफ्शा की पुलिस तलाश कर रही है। छापामारी के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। गाजीपुर और मऊ जनपद में दर्ज कई मुकदमों में फरार चल रही अफ्शा पर गाजीपुर पुलिस ने 50 हजार और मऊ पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है।


# मुख्यमंत्री अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में होंगे शामिल

» कृषि विश्वविद्यालय द्वारा उत्पादित "इंदिरा बीज" की लॉन्चिंग करेंगे

» नवनिर्मित कृषक सभागार एवं क्लस्टर क्लास रूम का लोकार्पण करेंगे

» किसानों को उन्नत बीज, पौध सामग्री एवं कृषि यंत्रों का वितरण भी करेंगे

**रायपुर,21 अप्रैल 2023(ए)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल कल 22 अप्रैल को अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित होगा।



मुख्यमंत्री श्री बघेल अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस कार्यक्रम की शुरूआत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्र में बीज पूजा एवं माटी पूजन के साथ करेंगे। बीजों की पूजा के उपरान्त वे खेतों में ट्रेक्टर अथवा हल चलाकर इन बीजों की बुआई करेंगे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में 11.37 करोड़ रूपये की लागत से नवनिर्मित कृषक सभागार का लोकार्पण करेंगे तथा इसके साथ ही महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कैम्प कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री कृषि महाविद्यालय परिसर में 8.96 करोड़ रूपये की लागत से नवनिर्मित क्लस्टर क्लास रूम का लोकापर्ण भी करेंगे।

### चंदखुरी में माता कौशल्या महोत्सव का भव्य आयोजन

भगवान श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या की नगरी चंदखुरी में राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा माता कौशल्या महोत्सव-2023 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आस्था और भक्ति से सराबोर 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव में भगवान श्रीराम के ननिहाल चंदखुरी में श्रीराम भक्ति की धारा बहेगी।



# राज्यपाल ने नहीं लौटाया आरक्षण विधेयक

» खबर फैली और गर्मा गई थी राजनीति

**रायपुर,21 अप्रैल 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल हरिचंदन द्वारा आरक्षण संशोधन विधेयक वापस लौटाए जाने की खबर सामने आते ही राजनीतिक भूचाल आ गया। संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे की प्रतिक्रिया आ गई कि सरकार के पास अन्य विकल्प मौजूद हैं। विधेयक फिर से भेज सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम प्रतिक्रिया देने कांग्रेस मुख्यालय में उपलब्ध रहे तो भाजपा नेताओं ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। दो घंटे तक सियासी घमासान मचा रहा। इसके बाद पता चला कि राज्यपाल ने विधेयक वापस नहीं लौटाया है।

# पीएसएलव्ही-सी55 आज होगा लांच

**श्रीहरिकोटा , 21 अप्रैल 2023(ए)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) शनिवार को अपने अगले बड़े मिशन पर ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह रॉकेट, पेलोड के साथ प्रयोग करने के लिए सिंगापुर के दो बड़े सैटेलाइट और एक इन-हाउस प्लेटफॉर्म के साथ उड़ान भरेगा।पीएसएलव्ही-सी 55 मिशन आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से दोपहर 2ः19 बजे लॉन्च होगा। यह पीएसएलवी की 57वीं उड़ान होगी और पीएसएलवी कोर अलोन कॉन्फिगरेशन का उपयोग करने वाला 16वां मिशन होगा।

पीएसएलव्ही-सी 55 यान सिंगापुर के दो उपग्रहों को कक्षा में ले जाएगा, और एक कक्षीय प्रायोगिक मॉड्यूल को भी साथ ले जाएगा जो अंतरिक्ष के निर्वात में परीक्षण करने का



काम करेगा। आइए सबसे पहले समझते हैं

### क्या है इसरो का पीईओएम प्लेटफॉर्म, क्यों माना जा रहा इसे महत्वपूर्ण

इसरो पीईओएम मॉड्यूल का फुल फॉर्म पीएसएलवी ऑरबिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल होता है। पीईओएम मॉड्यूल प्रक्षेपण यान पीएसएलव्ही-सी 55 का चौथा चरण है जिसका उद्देश्य वैज्ञानिकों को कक्षा में ही प्रयोग करने के अवसर प्रदान करना है। इसके लिए इसरो के पोलर सैटलाइट लॉन्च व्हीकल के अंतिम या चौथे चरण के हिस्से का उपयोग किया जाएगा जो समान्य तौर पर प्रक्षेपण की भूमिका खत्म होने के बाद खत्म हो जाता है। अब हम आपको बताते हैं कि आखिर पीईओएम मॉड्यूल का उपयोग कहां होगा।


# ईडी की कार्रवाई के खिलाफ दायर तीन याचिका खारिज

» अवरोध हो तो याचिकाकर्ता जिला अदालत का दरवाजा खटखटाएं

**बिलासपुर,21 अप्रैल 2023 (ए)।** ईडी की कार्रवाई के खिलाफ दायर तीन याचिकाओं को हाईकोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने यह भी आदेश पारित किया है कि यदि किसी तरह का अवरोध हो, तो याचिकाकर्ता जिला अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं।



हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा, और जस्टिस संजय के अग्रवाल की डबल बैंच ने ईडी की कार्रवाई के खिलाफ पिंकी सिंह, अभिषेक सिंह, और नितेश पुरोहित की अलग-अलग रिट याचिकाओं पर पिछले दिनों प्रारंभिक सुनवाई की थी। कोर्ट ने आगे की सुनवाई के लिए ऑर्डर सुरक्षित रखा था। याचिकाकर्ता पिंकी सिंह की तरफ से कहा गया कि याचिकाकर्ता महिला होने के नाते सीआरपीसी की धारा 46 (4) के उल्लंघन में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और उसके परिसर में तलाशी ली गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया था कि बिना सक्षम प्राधिकार के बिना तलाशी और जब्ती अवैध है। उन्होंने ईडी की कार्रवाई को अवैध, मनमाना और कानून के अधिकार के बिना और अधिनियम की धारा 17 के तहत जारी किए गए बयान के बिना है। इसी तरह अभिषेक सिंह, और नितेश पुरोहित ने भी बिना समन, और वारंट के कार्रवाई को गलत ठहराया था। कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद तीनों याचिकाओं को खारिज कर दिया है।



# सत्यपाल मलिक को सीबीआई का समन



» कांग्रेस बोली-ये तो होना ही था

**जम्मू कश्मीर ,21 अप्रैल 2023 (ए)।** सीबीआई ने जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को तलब किया है. जम्मू कश्मीर में उनके राज्यपाल रहते हुए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश के मामले में उनसे पूछताछ की जाएगी।

सत्यपाल मलिक ने बताया कि सीबीआई ने मुझे पेश होने को कहा है. वे भ्रष्टाचार के इस मामले में कुछ चीजों पर मुझसे स्पष्टीकरण चाहते हैं . उन्होंने मुझसे मौखिक तौर पर 27 और 28 अप्रैल को मेरी सुविधानुसार पेश होने को कहा है.

हालांकि, अभी तक सीबीआई ने सत्यपाल मलिक के इस दावे की पुष्टि नहीं की है।

बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में सीबीआई ने रिलायंस इंश्योरेंस केस मेंपूछताछ के लिए बुलाया था।

रिलायंस इंश्योरेंस केस में सत्यपाल मलिक को सीबीआई द्वारा बुलाए जाने की खबर सामने आने के बाद कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा कि आखिरकार पीएम मोदी से रहा न गया सत्यपाल मलिक ने देश के सामने उनकी कलई खोल दी. अब सीबीआई ने मलिक जी को बुलाया है. ये तो होना ही था।


प्रदेश एवं नगर वासियों को
भगवान परशुराम
जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
आशीष पाण्डेय
टाटा सर्विसिंग,चांदनी चौक,अम्बिकापुर


भगवान विष्णु के षष्टम अवतार
भगवान श्री परशुराम जी
की जयंती की आप सभी
को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रवण पाण्डेय
अम्बिकापुर


भगवान विष्णु के षष्टम अवतार
भगवान श्री परशुराम जी
की जयंती की आप सभी
को हार्दिक शुभकामनाएं
गणेश दत्त मिश्रा
अम्बिकापुर


भगवान विष्णु के छठे अवतार, धर्म व नीति की प्रतिमूर्ति
भगवान
परशुराम जन्मोत्सव
की आप सभी को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं


प्रदेश एवं नगर वासियों को
भगवान परशुराम
जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
गंगा मिश्रा
अम्बिकापुर


सभी प्रदेशवासियों को
भगवान परशुराम
जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
सत्येन्द्र मिश्रा
राजस्व निरीक्षक
अम्बिकापुर,सरगुजा


प्रदेश एवं नगर वासियों को
भगवान परशुराम
जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
कमल तिवारी
अम्बिकापुर


भगवान परशुराम जयंती एवं ईद पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
Sure Smile
आपकी मुस्कान हमारी पहचान
Since : 2009 | ISO : 9001:2015
श्योर स्माइल
दंत चिकित्सालय एवं ऑर्थोडोन्टिक सेंटर
मो. 09179880085, 09407995721
डॉ. ए.के. दुबे
बी.डी.एस. (पटना) दंत चिकित्सक एवं सर्जन
एम.बी.ए. (अहमदाबाद) हॉस्पिटल मैनेजमेंट
रजि.नं. 277/A,
Email : anujdubey1@yahoo.com
डॉ. अंकित दुबे
बी.डी.एस. (ग्वालियर) दंत चिकित्सक एवं सर्जन
रजि.नं. CG DC/G/20/3345
Email : dankit040@gmail.com
समय : सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक, रविवार बंद
पता : मिशन चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)


प्रदेश एवं जिले वासियों
को ईद पर्व
की हार्दिक शुभकामनाऐ...
डॉ.आई.ए.खान सुरी
प्राचार्य
ओरियंटल पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर


प्रदेश एवं जिले वासियों
को ईद पर्व
की हार्दिक शुभकामनाऐ...
सफी अहमद
अध्यक्ष
श्रमिक कल्याण बोर्ड छग.


प्रदेश एवं जिले वासियों
को ईद पर्व
की हार्दिक शुभकामनाऐ...
इरफान सिद्दकी
वरिष्ठ कांग्रेसी
अम्बिकापुर,सरगुजा


प्रदेश एवं जिले वासियों
को ईद पर्व
की हार्दिक शुभकामनाऐ...
सैयद अख्तर हास्मी
अम्बिकापुर,सरगुजा


प्रदेश एवं जिले वासियों
को ईद पर्व
की हार्दिक शुभकामनाऐ...
बाबर ईदरिसी
कोषाध्यक्ष
कांग्रेस अल्प सख्यक प्रकोष्ठ सरगुजा


प्रदेश एवं जिले वासियों
को ईद पर्व
की हार्दिक शुभकामनाऐ...
मैराज बंगरेज
अम्बिकापुर,सरगुजा


प्रदेश एवं जिले वासियों
को ईद पर्व
की हार्दिक शुभकामनाऐ...
मो. फीरोज इदरिसी
अम्बिकापुर,सरगुजा

# धान खरीदी उपकेंद्र पुहपुटरा में अनियमितता एवं गबन के मामले में समिति प्रभारी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।



धान खरीदी उपकेंद्र पुहपुटरा में 1550 क्विंटल धान गबन का मामला सामने आया था। धान की कुल कीमत 31 लाख 62 हजार रुपए बताई जा रही है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक लखनपुर के रिपोर्ट पर लखनपुर पुलिस ने मामले में संलिप्त समिति प्रभारी संजय राजवाड़े को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 व 409 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमल नयन पांडेय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लखनपुर ने थाना लखनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि धान खरीदी उपकेंद्र पुहपुटरा में समिति प्रभारी संजय राजवाड़े एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा धान खरीदी में अनियमितता बरतते हुए 1550 कुंटल धान कुल किमती 3162000 रुपय का गबन होने की रिपोर्ट दर्ज कराया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा संजय राजवाड़े निवासी मणिपुर को घेराबंदी कर पकडक़र पूछताछ किया गया। जो आरोपी द्वारा धान खरीदी उपकेंद्र पुहपुटरा में धोखाधड़ी कर गबन किया जाना की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी संजय राजवाड़े को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 420 व 409 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक भोज कुमार गुप्ता, प्रधान आरक्षक अनिल कामरे एवं पुलिस स्टाफ शामिल रहे।

## बालिकागृह एवं महिला स्वधार गृह में हिम्मत कार्यक्रम की शुरूआत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।



सरगुजा पुलिस द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से 'हमर बेटी हमर मान' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत परामर्श प्रशिक्षण एवं पराक्रम के जरिए हिम्मत कार्यक्रम की शुरुवात कर बालिकाओं में आत्मविश्वास उत्पन्न कर शारीरिक प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित कर सशक्त बनाकर विपरीत परिस्तिथियों का डटकर सामना करने हेतु परिपूर्ण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को बालिकागृह एवं महिला स्वधार गृह दर्रीपारा में आईजी राम गोपाल गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान आईजी ने कहा कि आत्मविश्वास उत्पन्न करने के लिए हिम्मत कार्यक्रम कि जितनी सराहना कि जाय वो कम है। आप सभी के लिए यह कार्यक्रम सरगुजा पुलिस द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिससे बहुत कुछ सिखने को प्राप्त होगा। आप सभी बच्चों के लिए यह प्रशिक्षण सार्थक रहेगा इसकी उम्मीद है। आईजी द्वारा बच्चों की मनोरंजन की व्यवस्था के अभाव होने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल टीवी की व्यवस्था किए जाने की बात कही।

एसपी ने कहा कि प्रत्येक इंसान के जीवन मे कठनाइयां आती है, लेकिन हमें उस परिस्थिति से हताश नहीं होना है। वक्त के साथ अपना मनोबल बढ़ाकर कार्य करते रहें। एसपी ने बालिका गृह में संवैधानिक व्यवस्था के बारे में बालिकाओं को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अखिलेश कौशिक, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत देवांगन, निरीक्षक दुर्गेश्वरी चौबे, मीरा शुक्ला, मनोज भारती एवं प्रशिक्षक टीम शामिल रहे।

## अनाचार के दो मामलों में दो युवक गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

अनाचार के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया द्वारा थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि



दो दिन पूर्व जानपहचान के अयूब उर्फ़ रूबेन खलखो एवं आयुष केरकेट्टा के द्वारा प्रार्थिया के साथ जबरन अनाचार की घटना कारित किया गया है एवं एक अन्य मामले में प्रार्थिया द्वारा आयुष केरकेट्टा द्वारा प्रार्थिया से जबरन अनाचार करने की घटना कारित किया गया है। घटना कि रिपोर्ट पर सदर धारा का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम के सतत प्रयास से आरोपी आयुष केरकेट्टा एवं अयूब उर्फ़ रूबेन केरकेट्टा साकिन अम्बिकापुर को चंद घंटो के भीतर में गिरफ्तार कर घटना के सम्बन्ध में पूछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अनाचार की घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। आरोपियों द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किये जाने पर अपराध सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया हैं। सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक रुपेश नारंग, सहायक उप निरीक्षक मनोज उपाध्याय, प्रधान आरक्षक सतीश उपाध्याय,आरक्षक चंचलेस सोनवानी शामिल रहे।



## ईद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

- संवाददाता -
सूरजपुर,21 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को ईद-उल-फितर पर्व शांतीपूर्वक मनाने को लेकर शांती समिति की बैठक लेने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिले के थाना-चौकी प्रभारियों ने ईद पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने ईद-उल-फितर पर्व को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाये जाने और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ईद पर्व को आपसी तालमेल एवं भाईचारे की भावना के साथ सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया।

## गंगा आरती और हवन पूजन के साथ घुनघुट्टा तट पर सूर्य मंदिर का शिलापूजन आज

अम्बिकापुर, 21 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)। घुनघुट्टा नदी के तट पर भव्य सूर्य मंदिर निर्माण का शिला पूजन 22 अप्रेल को किया जाएगा। विशाल और भव्य सूर्य मंदिर निर्माण के लिए घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति के सदस्यगण जुटे हुए हैं। ग्राम पंचायत दरिमा, सोहगा, लिबरा और करजी के संगम पर विगत 20 वर्षों से छठ पूजा का आयोजन किया जाता है। बेहद छोटे रूप से शुरू हुआ यह आयोजन भव्य स्वरूप ले चुका है। सरगुजा संभाग के सबसे बड़े छठ घाट के रूप में विख्यात घुनघुट्टा नदी के तट पर सूर्य मंदिर निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति ने छठ व्रतियों के लिए भव्य सूर्य मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था। सूर्य मंदिर के लिए नदी किनारे ऐसे स्थल का चयन किया गया है, जहां सूर्योदय और सूर्यास्त के समय सूर्य की किरणे मंदिर पर पड़ेगी। देशभर के वास्तुकारों ने मंदिर का नक्शा तैयार किया है।आम जनों की सहमति से मंदिर के नक्शे का अंतिम चयन किया जाएगा। सूर्य मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धालु तन मन धन से सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं कल अक्षय तृतीया पर सुबह 5 बजे से ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो जाएंगे। हवन पूजन और शुभ मुहूर्त पर प्रात- 8.5 बजे शिला पूजन होगा।सुबह 7 बजे से दोपहर 4 बजे तक प्रस्तावित मंदिर परिसर में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है। संध्या 5 बजे से वाराणसी के गंगा घाट की तर्ज पर गंगा आरती का कार्यक्रम विशेष आकर्षण होगा। सूर्य मंदिर परिसर के बगल में एक दुर्गा मंदिर भी प्रस्तावित है। इसका भूमिपूजन भी साथ-साथ होगा। आयोजन समिति ने लोगो से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## शहर के बनारस चौक के समीप स्थित निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड के तीसरे मंजील में लगी आग

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

शहर के बनारस चौक के समीप स्थित निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड के तीसरे मंजील पर शुक्रवार की दोपहर आग लग गई। आग लगने का कारण एसी से हुए शॉट सर्किट बताया जा रहा है। आगजनी से निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड के कर्मचारियों के



बीच अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस व दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। विशेष बात यह है कि इतने बड़े कपड़े के शोरूम में आग बुझाने के उपकरण नहीं थे।

जानकारी के अनुसार शहर के बनारस चौक के समीप स्थित निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड है। यह ब्रांडेड कपड़ों का शो रूम है। शुक्रवार को शोरूम के तीसरे मंजील पर एसी चालू किया गया था। एसी ऑन होते ही शॉट सर्किट हो गया था। इस दौरान कुछ पता नहीं चला। कुछ देर बाद अचानक धूआं फैलना शुरू हो गया। आग लगने की जानकारी मिलते ही कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर दमकल व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आगजनी की घटना तीसरे मंजिल पर होने के कारण दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी हो रही थी। किसी तरह दमकल कर्मी तीसरे मंजील पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

# सभी मस्जिदों में अदा की गई अलविदा जुम्मा की नमाज



» **पवित्र महीना रमजान का आज आखिरी दिन... अलविदा जुम्मा के साथ लोग एक दूसरे को दे रहे ईद की बधाई...**

- संवाददाता -
सूरजपुर,21 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

रमजान का पवित्र महीना समाप्त होने वाला है और मुस्लिम समुदाय के लोग जुम्मा तुल विदा या अलविदा जुम्मा आज मनाया गया।

जिसका अर्थ है विदाई का शुक्रवार। यह दिन दुनिया भर के मुसलमानों के लिए बहुत महत्व रखता है जो रमजान के दौरान उपवास रखते हैं। रमजान के पवित्र महीने के आखिरी शुक्रवार को लोग अलविदा जुम्मा मनाते हैं।

जिसमें सूरजपुर जामा मस्जिद मानपुर महागावां शिवप्रसाद नगर, जूर बंजा, प्रतापपुर, विश्रामपुर, सब पता, जैसे सभी मस्जिदों में आज अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई,,,

### रमजान अलविदा जुम्मा 2023

जुम्मा तुल विदा का शुभ दिन पवित्र महीने के अंतिम शुक्रवार को मनाया जाता है। इस साल यह शुभ दिन 21 अप्रैल को मनाया गया। जुम्मा तुल विदा के दिन की जाने वाली सभी दुआएं बेहद खास मानी जाती हैं।

### रमजान अलविदा जुम्मा 2023

अल्विया जुम्मा का शुभ दिन रमज़ान की नमाज़ के समापन का प्रतीक है, और यह एक नए इस्लामी महीने की शुरुआत का भी प्रतीक है। दुनिया भर के सभी मुसलमान इस दिन को बेहद खास मानते हैं और अल्लाह से दुआ करते हैं। जुम्मा तुल विदा हर साल बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।

इस दिन, लोग प्रार्थना करते हैं और कुरान की पवित्र पुस्तक से अध्यायों का पाठ करते हैं। अल्लाह से आशीर्वाद पाने के लिए मुसलमान भी सामाजिक कार्यों में खुद को शामिल करते हैं।

रमजान का पवित्र महीना 23 मार्च को शुरू हुआ था और 22 अप्रैल को खत्म होगा। दुनिया भर में लोग 22 अप्रैल को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाएंगे। रमजान के महीने में लोग रोजा भी रखते हैं। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना है और एक महीने तक चलने वाला त्योहार है।

उपवास या रोज़ा के रूप में भी जाना जाता है, सहरी का सेवन करने से शुरू होता है, जिसे सुबह के भोजन के रूप में संदर्भित किया जाता है और उपवास खोलने के लिए, मुसलमान इफ्तार पर दावत देते हैं, जो रात का भोजन है जो शाम की प्रार्थना के बाद उपवास खोलते है। इस पवित्र महीने के दौरान मुसलमान पवित्र पुस्तक कुरान का पाठ करते हैं और दिन में 5 बार नमाज अदा करते हैं।

रजाकार कमेटी सूरजपुर जामा मस्जिद मेंबर जीशान अहमद, समीर खान मैप सागर, सेक्रेटरी तौकीर अहमद, खजांची दानिश मंसूरी, मेंबर तस्लीम खान तस्लीम खान, सैयद फरहान, मोहम्मद मोइन मंसूरी, अयान सिद्दीकी, स्विफ्टटेन खान, मोहम्मद रजा, सोहेल मंसूरी, सैयद फैजान, राहिल खान।

अंजुमन कमेटी जामा मस्जिद सूरजपुर सदर इश्तियाक अहमद नायब सदर फिरोज खान खजांची जाफर सिद्धकी , सेक्रेटरी मुस्ताक अहमद, जॉइंट सेक्रेटरी फिरोज खान, शाहिद खान, अब्दुल करीम, अख्तर मंसूरी, जब्बार उल हक, गुलाम कफिल, अब्दुल वासित , अमिर खान वसीम खान, इमरान कुरेशी ,सलीम चिश्ती, इमरान खान, जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती , मुदब्बीर आलम बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# रोजा इफ्तार कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री हुए शामिल,रोजेदारों के साथ किया इफ्तार



- संवाददाता -
लखनपुर,21 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

मुस्लिम समुदाय के द्वारा लखनपुर नगर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित ईदगाह में रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री टी एस सिंह देव श्रम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष शफी अहमद कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंहदेव, जनपद उपाध्यक्ष अमित सिंह देव, जिला पंचायत मंत्री प्रतिनिधि रणविजय सिंह देव युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शैलेंद्र गुप्ता, मदन जयसवाल, रमेश जायसवाल, गप्पू खान ईरसाद खान मोजिब खान कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आमिर सोहेल सहित समाज के वरिष्ठ जन शामिल हुए जहां रोजेदारों के साथ कैबिनेट मंत्री टी एस सिंह देव ने इफ्तार किया साथ ही उन्होंने आगामी ईद पर्व को लेकर बधाई शुभकामनाएं दी इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा बंधा कब्रिस्तान , शिवपुर स्थित कर्बला में बाउंड्री वाल सहित अन्य मांगे रखी जिस पर कैबिनेट मंत्री टी एस सिंह देव के द्वारा पूर्ण रूप से आश्वासन दिया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के वरिष्ठ जनों व युवा मौजूद रहे।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी प्रदर्शनी अब अंबिकापुर शहर के सोनामहल दी ज्वैलरी मॉल में,बॉलीवुड अभिनेत्री सयाली भगत ने किया शोरूम का शुभारंभ

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,21 अप्रैल 2023 (घटती- घटना)।



आज शहर के हृदय स्थल महामाया चौक पर सोनामहल दी ज्वैलरी मॉल में हरी कृष्णा ग्रूप द्वारा निर्मित किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी की भव्य नवीन शोरूम का बॉलीवुड अभिनेत्री सयाली भगत व वरिष्ठजनों की उपस्थिति में हुआ है। इसके साथ ही शोरूम में 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तीन दिवसीय हीरे एवं सोने के आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला से जुड़ी प्रर्दशनी का आयोजन किया जाएगा । शुभारंभ कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची अभिनेत्री सयाली भगत ने बताया की इस भव्य शोरूम में सोने एवं हीरे के आभूषणों की अत्याधुनिक डिजाइंस की विस्तृत भंडार है, जों अंबिकापुर शहर व क्षेत्र के युवा ग्राहकों के लिए विशेष ध्यान में रखकर आभूषणों की उपलब्धता के लिए शोरूम का संचालन आरंभ किया गया है।

### ग्राहकों के भरोसे पर खरा उतरना सबसे है अहम...

अम्बिकापुर शहर में नवीन शोरूम आरंभ होने पर संस्थान के संचालकों ने चर्चा के दरम्यान कहा की ग्राहकों के भरोसे पर खरा उतरने के लिए एक साल तक आभूषण बीमा के साथ हीरे के आभूषणों पर 90% बायबैक और 95% एक्सचेंज पॉलिसी प्रदान किया जा रहा है। इन असाधारण ऑफर्स के साथ प्रदर्शनी में स्वयं के लिए या अपने प्रियजनों हेतु खरीददारी के लिए एक आदर्श उपहार हेतु एक शानदार अवसर है। इसके साथ ही किसना द्वारा आभूषण प्रदर्शनी का आयोजन बड़े शहरों के साथ रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, अम्बिकापुर, दुर्ग-भिलाई सहित सभी शोरूम में एक साथ

आयोजित हो रही है। इस दरम्यान हर उम्र के लोगों की रूझान अनुसार विविध डिजाइनों के आभूषणों को प्रदर्शित करने के साथ ही प्रदर्शनी में खुदरा विक्रय एक ही मंच के माध्यम से उपभोक्ताओं को उपलब्धता कराने, उनसे जुड़ने व स्थायी भरोसे की डोर जोड़ने वाली होगी । साथ ही उपभोक्ताओं के लिए एक स्थायी अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित होगा। उक्त संस्थान की शुरुआत वर्ष 2005 में किसना, हरी कृष्णा ग्रुप द्वारा आरंभ किया गया था जो वर्तमान में भारत का एक प्रतिष्ठित ब्रांड बतौर अपनी पहचान स्थापित करने के साथ ही देशभर में अबतक करीब 3500 से अधिक रिटेलर्स का व्यापक श्रृंखला स्थापित कर लगातार अग्रसर है। विशेष तौर पर हिरे के आभूषण में विश्व की सबसे बड़ी वितरित ब्रांड होने का विश्वास दिलाती है। किसना ने रिटेल के माध्यम से अपने व्यावसायिक विकास को तेजी से आगे बढ़ने हेतु फ्रैंचाइज़ी मॉडल का विस्तार किया है जिसमे 2022 में सिलीगुड़ी में अपना पहला एक्सक्लूसिव शोरूम लॉन्च किया उसके बाद हैदराबाद, हिसार, अयोध्या, बरेली और रायपुर में भी अपने शोरूम खोले है एवं अन्य शहरो में भी विस्तारित हो रहा है।

किसना डायमंड ज्वेलरी छत्तीसगढ़ के सेल्स हेड पंकज ढोलकिया ने कहा - किसना की यह आभूषण प्रदर्शनी हमारे रिटेलर्स के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करता है जिसमे अपने उपभोक्ताओं हेतु उत्कृष्ट डिजाइन के साथ गुणवत्ता वाले असली हीरे जड़ित गहने खरीदने का बेहतरीन अवसर देता है। इस तीन दिवसीय एक्सहिबिशन में आभूषणों के शौकीन ग्राहकों के लिए निश्चित रूप से यह शानदार अवसर होगा जिसमे अपने मन पसंद आभूषणों को आसानी से खरीद सकेंगे।

संतोष कुमार सोनी ने कहा - इस प्रदर्शनी में पारम्परिक से लेकर समकालीन एवं ट्रेंडी डिजाइनों को शामिल किया है अतः जो लोग आभूषणों में कुछ नवीनतम रुझान की खोज करते है उनके लिए यह उत्कृष्ट अवसर है। हम अंबिकापुर में ज्वेलरी के प्रति उत्साहित लोगो का स्वागत करते है और आप सभी को यह विश्वास दिलाते है की आप सोनामहल दी ज्वैलरी मॉल का दौरा करेंगे तो आपको हमारी प्रदर्शनी में बेहतरीन एवं आकर्षक डिजाइंस के उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों का अच्छा अनुभव होगा।

### यह है किसना डायमंड और गोल्ड ज्वैलरी के बारे में:

KISNA Diamond and Gold Jewellery भारत भर में सबसे अधिक बिकने वाले आभूषण ब्रांडों में से एक है। 2005 में लॉन्च किए गए KISNA के आज भारत के 29 राज्यों में 3,500 से अधिक आउटलेट हैं। हम 14KT और 18KT हीरे और सोने के आभूषणों में अंगूठियों, झुमके, पेंडेंट, मंगलसूत्र, हार, चूड़ियाँ, कंगन और नोज़ पिन की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करते हैं जो 100% प्रमाणित और BIS हॉलमार्क वाले हैं। पारदर्शी और ग्राहक-अनुकूल नीतियों के साथ गुणवत्ता और शुद्धता ने किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी को एक स्थापित और भरोसेमंद ब्रांड नाम बनने में सक्षम बनाया है।

KISNA Diamond and Gold Jewellery, Hari Krishna Group का एक हिस्सा है, जो वैश्विक हीरा उद्योग में अग्रणी है एवं हीरा निर्माता और निर्यातक की भूमिका निभा रहा है। यह उच्चतम नैतिक मानकों, उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता, निरंतर उत्पाद की गुणवत्ता और पारदर्शी व्यवसाय प्रथाओं के लिए प्रतिष्ठित है और यह दुनिया के सबसे बड़े व्यवसाय में से एक है।

## संपादकीय

## सत्यपाल मलिक का धमाका

प्रधानमंत्री और भाजपा का आरोपों को नजरअंदाज कर मुद्दों को भटका देने का तरीका संभवतः इस मामले में कारगर नहीं होगा। बेहतर होगा कि वह सत्यपाल मलिक के दावों का बिंदुवार जवाब सार्वजनिक रूप से दे।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल ने विस्फोटक खुलासे किए हैं। इससे अत्यंत गंभीर प्रश्न उठे हैं। अपेक्षित यह है कि मलिक ने जो कहा है, उन पर सरकार बिंदुवार जवाब दे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी का आरोपों को नजरअंदाज कर मुद्दों को भटका देने का तरीका संभवतः इस मामले में कारगर नहीं होगा। ठीक उसी तरह जैसे अडानी घोटाले में राहुल गांधी ने जो सवाल उठाए हैं, वे ऐसे तरीकों से गायब नहीं हुए हैं। बल्कि मलिक की इस टिप्पणी से कि 'प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार से कोई ज्यादा नफरत नहीं है' अडानी से सरकार की मिलीभगत के इल्जाम अब और गंभीर दिखने लगे हैं। बहरहाल, मलिक ने सबसे ज्यादा विस्फोटक बातें फरवरी 2019 में हुए पुलवामा कांड के बारे में की हैं। चूंकि मलिक उस समय जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे, इसलिए उनकी बातों को कोई भी हलके से नहीं ले सकता। उनका दावा है कि यह भयानक घटना भारतीय सुरक्षा और खुफिया व्यवस्थाओं की नाकामी और सीआरपीएफ की उसके जवानों को हवाई जहाज उपलब्ध कराने की गुजारिश सरकार द्वारा ठुकरा दिए जाने के कारण हुई। जब इस पहलू की चर्चा मलिक ने प्रधानमंत्री से की, तो न सिर्फ मोदी ने, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल ने भी उनसे चुप रहने को कहा।

अगर सरकार की तरफ से इन बातों का तथ्यपरक खंडन नहीं किया जाता है, तो लोगों के मन में कई अन्य तरह के संदेह भी घर बना लेंगे। इसके अलावा मलिक के इस दावे का अंतरराष्ट्रीय संदर्भ भी है। स्पष्ट है कि उपयुक्त खंडन के अभाव में पाकिस्तान जैसे भारत विरोधी देश इसे अपने लिए क्लीन चिट के रूप में पेश करेंगे। पुलवामा से लेकर भ्रष्टाचार और राष्ट्रपति से मुलाकातियों की सूची पीएमओ से क्लीयर होने जैसे मुद्दों तक पर सत्यपाल मलिक ने जो कहा है, उससे सीधे प्रधानमंत्री की छवि चोटिल हुई है। मलिक ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री कम जानकारी वाले व्यक्ति हैं, जो खुद में मशगूल रहते हैं। यह भी प्रधानमंत्री की आम छवि के विपरीत बात है। बेहतर होगा कि सत्ता पक्ष अपने आईटी सेल के जरिए मलिक पर हमला करने के बजाय इन प्रश्नों के दो-टूक जवाब देश के सामने रखे।

# केजरीवाल के लिए मुश्किल या मौका ?

सीबीआई का शिकंजा अरविंद केजरीवाल के लिए मुश्किल की घड़ी है या उनके लिए राजनीतिक मौका है? इस सवाल को ऐसे भी पूछा जा सकता है कि शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले में सीबीआई की जांच को क्या केजरीवाल राजनीतिक अवसर में बदल सकते हैं? वे किसी भी घटना को अपने लिए अवसर बना लेने में माहिर हैं। इस मामले में उनकी योग्यता और क्षमता पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता है। लेकिन यह पहला मौका है, जब उनकी निजी और पार्टी दोनों की बुनियादी पहचान सवालों के घेरे में है। पहली बार वे ईमानदारी के सवाल पर घिरे हैं। केजरीवाल अपनी पार्टी को कट्टर ईमानदार बताते हैं लेकिन अब उस पार्टी के ऊपर शराब नीति में गड़बड़ी करके एक सौ करोड़ रुपए की रिश्वत लेने का आरोप है।

इससे पहले केजरीवाल के ऊपर अराजकता के आरोप लगते रहे हैं, पंजाब में अलगाववादियों की मदद लेने का आरोप भी उनके ऊपर लगा, अन्ना हजारे और आंदोलन के दूसरे साथियों से धोखा करने का आरोप उन पर लगा, उनको अर्बन नक्सल कहा जाता रहा है, उनको 'मुफ्त की रेवड़ी' बांट कर राजनीति करने वाला नेता भी कहा जाता है और सरकारी विज्ञापन देकर अपना प्रचार करने के आरोप भी उनके ऊपर लगते रहे हैं। यह पहली बार है, जब उनके ऊपर भ्रष्टाचार का इतना बड़ा आरोप लगा है। उनके सबसे करीबी सहयोगी मनीष सिसोदिया इस मामले में जेल में बंद हैं और अब सीबीआई ने खुद केजरीवाल को बुला कर उनसे नौ घंटे तक पूछताछ की है। आगे भी उनको पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। हालांकि वे बार बार कह रहे हैं कि पूरा केस फर्जी है और भाजपा ने सीबीआई को उनको गिरफ्तार करने का आदेश दिया हुआ है।

सो, अब यह ईमानदारी और देशभक्ति की राजनीति करने वाले दो नेताओं के बीच की निर्णायक लड़ाई बन गई है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिनकी राजनीति का आधारभूत मुद्दा ईमानदारी, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व है। बिल्कुल इसी तरह के राजनीतिक एजेंडे से केजरीवाल ने उनको चुनौती दी है। केजरीवाल अपने को 'कट्टर ईमानदार' और 'कट्टर देशभक्त' बताते हैं। तभी अगर सीबीआई का केस बहुत मजबूत नहीं होता है और वे उसकी जांच के बाद बेदाग निकलते हैं तो यह उनकी बहुत बड़ी जीत होगी। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ चल रही विपक्षी पार्टियों की राजनीतिक और कानूनी लड़ाई का वे प्रतीक बन जाएंगे। केजरीवाल को यह कहने का मौका मिलेगा कि शराब नीति का पूरा केस फर्जी है और राजनीतिक कारणों से उनको इसमें फंसाने का प्रयास किया गया। उनका यह दावा सही साबित होगा कि सीबीआई के पास कोई सबूत नहीं है। अगर वे इस मामले में बचते हैं तो पूरे देश में इसे केंद्र सरकार और भाजपा की हार और अपनी जीत के तौर पर प्रचारित करेंगे। धारणा की लड़ाई में यह उनकी और अन्य विपक्षी पार्टियों की बहुत बड़ी जीत होगी।

लेकिन अगर केजरीवाल शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले में



फंस जाते हैं। सीबीआई को कैसा भी सबूत मिल जाता है और सिसोदिया की तरह केजरीवाल भी जेल चले जाते हैं तो यह आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका होगा। पार्टी के विस्तार पर एक तरह से पूर्णविराम लग जाएगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि केजरीवाल की पार्टी संगठन आधारित नहीं है, बल्कि वन मैन शो की तरह है। वहां सब कुछ केजरीवाल हैं। उनकी पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह से ज्यादा लोकप्रिय उनका नाम है। अखिल भारतीय पहचान वाले जितने भी नेता आम आदमी पार्टी से जुड़े थे, केजरीवाल ने सबको पार्टी से निकाल दिया है। दूसरी लाइन के नेता उनकी पार्टी में नहीं हैं। वे अकेले नेता हैं और बाकी सारे कार्यकर्ता हैं, उनके आदेश और एजेंडे पर अमल करने वाले। पूरे देश में आम आदमी पार्टी का संगठन भी नहीं है। लोकप्रियता हासिल करने वाले एजेंडे के प्रचार की भी जो शैली केजरीवाल की है वह किसी और नेता के पास नहीं है। 'मुफ्त की रेवड़ी' बांटने का केजरीवाल ने अपना मॉडल विकसित किया है और उस पर लोगों का भरोसा तभी बनता है, जब खुद केजरीवाल इसकी घोषणा करते हैं। जब वे प्रचार में नहीं होंगे तो पार्टी के पास कोई ऐसा भरोसेमंद चेहरा नहीं है, जो लोगों को यकीन दिला सके। राजनीतिक रणनीति बनाने वाला भी कोई दूसरा नेता पार्टी के पास नहीं है।

कहने की जरूरत नहीं है कि केजरीवाल दोनों स्थितियों से निपटने की तैयारी में लगे होंगे। उनकी होशियारी और राजनीतिक समझदारी पर किसी को संदेह नहीं है। आखिर इतने कम समय में उनकी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा ऐसे ही नहीं मिल गया। शुरुआती झटके से उबर कर केजरीवाल ने अपनी पार्टी के विस्तार की रणनीति बदली और एक बार में पूरे देश में राजनीति करने की बजाय उन्होंने राज्यवार आगे बढ़ने का फैसला किया। बहुत होशियारी से उन्होंने आम आदमी पार्टी के विस्तार के लिए कांग्रेस शासित राज्यों को चुना। उनको पता था कि कांग्रेस को बदनाम करने के लिए उन्हें ज्यादा कुछ नहीं करना है। 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' के आंदोलन से ही बहुत काम हो चुका था और बचा-खुचा काम काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी प्रचार टीम कर रही थी। केजरीवाल ने इसका फायदा उठाया और अपनी पार्टी को कांग्रेस के विकल्प के तौर पर पेश किया। दिल्ली और पंजाब में उनकी यह रणनीति सौ फीसदी कारगर साबित हुई और दोनों जगह उनकी सरकार बन गई। गोवा और गुजरात में आंशिक कामयाबी मिली लेकिन इन दो राज्यों ने आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिला दिया, जिससे उनके लिए आगे का रास्ता बन गया।

केजरीवाल ने पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह से लेकर राजनीतिक एजेंडे तक सब कुछ राष्ट्रीय पार्टी की तरह प्लान किया हुआ है। तभी वे डीएमके या तृणमूल कांग्रेस, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस की तरह एक राज्य में सिमटे नहीं और न उनको के चंद्रशेखर राव की तरह पार्टी का नाम बदलने की जरूरत पड़ी। उन्होंने सब कुछ पहले से सोचा हुआ है। 2014 के लोकसभा चुनाव में लगे झटके के बाद सब कुछ उनके हिसाब से हो रहा है। वे एक एक कदम बढ़ा रहे हैं और कामयाब हो रहे हैं। पिछले नौ साल में पहली बार उनके रास्ते में बाधा आई है। वह बाधा सीबीआई और ईडी की जांच की है। यह जांच उनको नायक बना सकती है या फिर भ्रष्टाचार के आरोपी दूसरे प्रादेशिक क्षत्रपों की लीग में शामिल करा सकती है। अगर वे नायक बनते हैं तो कहने की जरूरत नहीं है कि फायदा उनकी पार्टी को होगा और नुकसान कांग्रेस व विपक्ष की राजनीति को होगा। तभी यह मामला बहुत सीधा नहीं है। इसकी कई परतें हैं, जिनका खुलासा समय के साथ होगा।

**अजीत द्विवेदी**

# पृथ्वी की रक्षा एक दिवास्वप्न नहीं बल्कि एक वास्तविकता होनी चाहिए

मनुष्य के रूप में, यह हमारा मूल कर्तव्य है कि हम उस ग्रह की देखभाल करें जिसे हम अपना घर कहते हैं। पृथ्वी हमें वे सभी बुनियादी चीजें उपलब्ध कराती है जो हमारे जीवित रहने के लिए आवश्यक हैं। अखरोट, हम लालची इंसानों ने इसके संसाधनों का इस हद तक दोहन किया है कि कुछ लोगों के लिए सबसे जरूरी चीजें भी उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। इस ग्रह के जिम्मेदार निवासी होने के नाते, हमें अपने ग्रह को हुए नुकसान को दूर करने के लिए कुछ उपाय करने चाहिए। इसने बहुत शोषण देखा है। हम अपने उपयोग के लिए पेड़ों को अंधाधुंध काट रहे हैं। हर पेड़ के खो जाने से पृथ्वी अपना एक हिस्सा खो देती है। हमें अपने सीमित जीवनकाल में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि पुराने हरे-भरे जंगलों को फिर से जीवित किया जा सके। अगर हम सभी हर साल एक पौधा लगा सकें तो एक साल में पृथ्वी लगभग 7 अरब पेड़ों से भर जाएगी।

हमारी पृथ्वी की देखभाल करना अब कोई विकल्प नहीं है - यह एक आवश्यकता है। पृथ्वी के अलावा कोई अन्य वैकल्पिक ग्रह नहीं है जहाँ जीवन संभव हो। अपने अस्तित्व की शुरुआत से ही हमने बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए असंख्य पेड़ों को काटकर और भोजन के लिए जानवरों को मार कर प्रकृति का शोषण किया है। हमने पृथ्वी के गर्भ से खनिज, क्रिस्टल और रत्न निकाले हैं। हमारे पास जो भी प्राकृतिक सम्पदा है, हमने ले ली और उसका उपयोग कर लिया और अब प्रकृति के धक्का-मुक्की के गंभीर परिणाम भुगत रहे हैं। हमें यह महसूस करना चाहिए कि पृथ्वी के संसाधन असीमित नहीं हैं। वे तेजी से घट रहे हैं, और यह उस ग्रह पर हमारे अस्तित्व के लिए खतरा है जिसे हम घर कहते हैं। इस प्रकार, यह महत्वपूर्ण है कि हमें धरती माता की देखभाल करनी चाहिए और उसे बचाना चाहिए।

पृथ्वी खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। यह हमारे लिए कार्रवाई करने का उच्च समय है। मानव गतिविधियों ने पृथ्वी के वातावरण और जलवायु परिस्थितियों को प्रभावित किया है। इसका ऐसा प्रभाव पड़ा है कि ऋतुएँ बदल गई हैं। अब मानसून में देरी हो रही है। गर्मियां बहुत तेज हो रही हैं और ग्लेशियर पिघल रहे हैं। समुद्र का स्तर बढ़ रहा है और जलीय जीवन विलुप्त होने के कगार पर है। प्रदूषण बढ़ रहा है और हवा की गुणवत्ता दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। पानी प्रदूषित हो रहा है और शोर का स्तर बढ़ रहा है जिससे अधिकांश लोग बीमार हो रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीनहाउस प्रभाव, ये सब मानवीय गतिविधियों के परिणाम हैं, जो अब मानव जीवन के लिए ही खतरा पैदा कर रहे हैं। इसलिए, अगर हम अभी कार्रवाई नहीं करने जा रहे हैं, तो बहुत देर हो चुकी होगी और तब तक पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

पृथ्वी को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर बदलाव लाना होगा। एक व्यक्ति फर्क नहीं कर सकता, लेकिन हम सब मिलकर चमत्कार कर सकते हैं। हमें अपनी दिनचर्या में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना है, जैसे जरूरत न होने पर लाइट बंद करना, नल बंद करना




और पानी का सही इस्तेमाल करना और घर में प्लास्टिक और गैर-बायोडिग्रेडेबल सामग्री के इस्तेमाल से बचना। हमें सोलर हीटर और पैनल जैसे ऊर्जा के सौर और नवीकरणीय स्रोतों पर ध्यान देना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर ही निजी वाहन या कार निकालें और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना पसंद करें।

हमें पृथ्वी पर खतरनाक स्थिति के बारे में अन्य लोगों को शिक्षित करने का प्रयास करना चाहिए और उनका मार्गदर्शन करना चाहिए कि वे पृथ्वी को बचाने में कैसे योगदान दे सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न अभियान या सामूहिक गतिविधियां की जा सकती हैं। साथ ही हमें अपने आस-पड़ोस में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। हमें पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाना और बढ़ावा देना चाहिए। हमें अपने बच्चों को अपने ग्रह का मूल्य सिखाना चाहिए, ताकि वे भी स्थायी जीवन के अनुकूल हों और हमारे ग्रह का शोषण न करें। याद रखें, हर छोटे कदम से फर्क पड़ता है!

लोग बस इस चलन का पालन करते हैं और जश्न मनाने के लिए इसका पालन करते हैं। ऐसे विभिन्न कारण हैं जो पर्यावरणीय गिरावट का कारण बनते हैं। जनसंख्या और गरीबी अधिक समस्याएं पैदा करने के शीर्ष पर हैं। अधिक लोगों का अर्थ है अत्यधिक खपत और यदि जरूरतें पूरी नहीं होती हैं तो इसका परिणाम गरीबी और कुपोषण होता है। एक अन्य कारक जो पर्यावरण पर बड़े पैमाने पर नकारात्मक प्रभाव पैदा करता है, वह सभी प्रकार का प्रदूषण है। कारखानों की चिमनियों या वाहनों से निकलने वाला धुआँ, सी.एफ.सी. का दैनिक उपयोग, जीवाश्म ईंधन का जलना, जंगल की आग आदि वायु प्रदूषण का कारण बनते हैं।

इसके अलावा, जल निकायों में प्रदूषकों का निर्वहन, जानवरों को पानी में नहलाना, जल निकायों के पास शौच करना और सीवेज को छोड़ना जल प्रदूषण का कारण बन रहा है। फिर, अत्यधिक खेती, भूमि की जुताई, कीटनाशकों और रसायनों के प्रयोग से मृदा प्रदूषण होता है। अंत में, जुलूसों के दौरान तेज संगीत बजाना, कार के हॉर्न और कारखानों में मशीनों का शोर ध्वनि प्रदूषण पैदा करता है। समस्याओं के बारे में जागरूकता मौजूद है, लेकिन उन्हें खत्म करने के प्रयास नगण्य हैं।

जीविका सुनिश्चित करने के लिए पृथ्वी की स्थिरता को बनाए रखने के लिए यह एक जरूरी आह्वान है। हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए स्थायी दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता है। सिर्फ इंसान ही नहीं बल्कि जानवर भी पीड़ित हैं और काफी नुकसान में हैं। पूरी खाद्य श्रृंखला बाधित हो जाती है, जिससे असंतुलन पैदा हो जाता है। पृथ्वी को बचाने के लिए सरकार को राष्ट्रीय पर्यावरण नीति बनानी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को स्वयंसेवा करनी चाहिए और पर्यावरणीय गिरावट को कम करने का प्रयास करना चाहिए। पृथ्वी की रक्षा एक दिवास्वप्न नहीं बल्कि एक वास्तविकता होनी चाहिए।

मनुष्य के रूप में, यह हमारा मूल कर्तव्य है कि हम उस ग्रह की देखभाल करें जिसे हम अपना घर कहते हैं। पृथ्वी हमें वे सभी बुनियादी चीजें उपलब्ध कराती है जो हमारे जीवित रहने के लिए आवश्यक हैं। अखरोट, हम लालची इंसानों ने इसके संसाधनों का इस हद तक दोहन किया है कि कुछ लोगों के लिए सबसे जरूरी चीजें भी उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। इस ग्रह के जिम्मेदार निवासी होने के नाते, हमें अपने ग्रह को हुए नुकसान को दूर करने के लिए कुछ उपाय करने चाहिए। इसने बहुत शोषण देखा है। हम अपने उपयोग के लिए पेड़ों को अंधाधुंध काट रहे हैं। हर पेड़ के खो जाने से पृथ्वी अपना एक हिस्सा खो देती है। हमें अपने सीमित जीवनकाल में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि पुराने हरे-भरे जंगलों को फिर से जीवित किया जा सके। अगर हम सभी हर साल एक पौधा लगा सकें तो एक साल में पृथ्वी लगभग 7 अरब पेड़ों से भर जाएगी।



**प्रियंका सौरभ**
आर्यनगर,
हिसार
(हरियाणा)

## 22 साल बाद भारत में एपल दुकान!

18 अप्रैल को भारत ने जश्न मनाया।नौजवानों, आईटी के लोगों, अमीर और कुलीन सब मुंबई में खुले एपल के पहले स्टोर का 'अनुभव' करने पहुंचे। उमंग, जोश से उमड़ी भीड़ में कुछनौजवान खुशी में भावविह्व तो कई टिम कुक के साथ सेल्फी खिचवाने की हौड में। खूब वाहवाही और शोर-शराबा।

हां,भारत में एपल के पहले स्टोर की शुरूआत देश के लिए एक बड़ी घटना है, गर्व का क्षण है।

लेकिन क्या यह वाकई बड़ी घटना है? क्या वाकई देश को गौरवान्वित अनुभव करना चाहिए? क्या यह 'उपलब्धि' चुनाव प्रचार में गिनवाई जाएगी? सच पूछा जाए तो इसमें गर्व करने जैसा कुछ भी नहीं है।सोचे, दुनिया में हमारा दावा है कि चीन के बाद भारत सबसे प्रमुख विकासशील देश है। परन्तु एपल भारत से पहले 25 अन्य देशों में अपने स्टोर खोल चुका है और मुंबई का स्टोर दुनिया में उसका 524वां स्टोर है।

अमेरिका में पहला स्टोर कोई 22 साल पहले और चीन में 15 साल पहले (सन् 2008 में बीजिंग में) खुला था। उसके बाद से चीन में 45 और स्टोर खुल चुके हैं। और भारत में दूसरा स्टोर आज दिल्ली में खुलने जा रहा है।

चीन एपल का सबसे वफादार और विश्वसनीय भागीदार था। एपल और चीन के दो दशक लम्बे सम्बन्ध दोनों के लिए फायदे का सौदा था। इससे दोनों की प्रगति हुई और दोनों की जेबें भरीं। एपल की आमदनी दिन दूनी-रात चौगुनी बढी, उसके शेयर की कीमत 600 गुना हो गई और कंपनी का बाजार मूल्य 2,400 अरब डालर पर जा पहुँचा। एपल चीन में स्थित अपने कारखानों से सप्लाई करता रहा है। वहा उसके 90 प्रतिशत उत्पाद बनाए जाते हैं। उसकी कमाई का चौथाई हिस्सा चीनी ग्राहकों से आता है।

टिम कुक, जो सन् 2011 में कंपनी के सीईओ बनने के पहले उसके हेड ऑफ आपरेशन्स थे, ने कंपनी में कॉन्ट्रैक्ट पर आधारित उत्पादन की शुरुआत की थी। कुक अक्सर चीन जाते थे। उन्होंने वहां की सरकार के साथ मधुर संबंध बनाए और कायम रखे।

लेकिन अब समस्या यह है कि पिछले कुछ समय से चीन एक आक्रामक और बेरहम शेर बन गया है, जिसे काबू में रखना मुश्किल होता जा रहा है। इसलिए चीन से नाता तोड़कर भारत और वियतनाम से नाता जोड़ना रणनीतिक दृष्टि से एपल के लिए ज़रूरी हो गया था।

अमरीका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के कारण भी चीन में व्यापार करना मुश्किल होता जा रहा है। इसके अलावा उत्पादन लागत कम करना भी एपल एक लक्ष्य है। पिछले एक दशक में चीन में औसत वेतन दुगना हो गया है। सन् 2020 में उत्पादन इकाईयों में काम करने वाला चीनी महीने में औसतन 530 डालर कमाता था, जो भारत या वियतनाम की तुलना में लगभग दो गुना है। इन सारे कारणों से ही कंपनी ने हाल में अपनी उत्पादन इकाईयां दक्षिण भारत और वियतनाम में लगाई है।फोक्स्कोन नामक एक ताईवानी कंपनी, जो 2017 से एपल का पुराना फ़ोन बना रही थी, को अब सबसे नए मॉडल आईफ़ोन 14 को बनाने का ठेका मिला है। एक अन्य ताईवानी कंपनी पेगाट्रोन का विशाल कारखाना भी एपल के उत्पाद बनाने की तैयारी में है।


**श्रुति व्यास**

# भाग्य साहसी पुरुषों का समर्थक होता है

जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता हैद्य वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती हैद्य पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैंद्य इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैंद्य वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज़ से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था,÷ जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता÷ मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर,अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है।

प्राचीन यूनानी कवि वर्जिन में युवाओं को संबोधित करते लिखा था कि ÷भाग्य सदैव साहसी लोगों का साथ देता है÷,ऐसे लोगों का साथ न दीजिए, उनसे मित्रता न कीजिए जो हमेशा अपनी उपलब्ध सुविधा के नाम पर रोना रहता रोते हैं, और अपनी परिस्थितियों से लगातार शिकायत करते हैं, ऐसे लोग सदैव खोजते रहते हैं कि मैं किसी बड़े धनवान व्यक्ति के घर में क्यों पैदा नहीं हुआ, जहां अपार सुख सुविधाएं उपलब्ध है और मैं भी सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करता, पर वह यह नहीं जानता कि बड़े व्यक्ति के बड़े होने के पीछे कितनी मेहनत साहस और ऊर्जा अंतर्निहित है। हमारे शास्त्रों में भी लिखा गया है की लक्ष्मी निष्क्रिय और निठल्ले लोगों का साथ नहीं देती, एवं निष्क्रिय लोगों के पास नहीं जाती है।

अब्राहम लिंकन ने भी कहा कि डर कमजोर दिमाग के निशानी है।, मनुष्य को डर अपने दिमाग से निकाल देना चाहिए, डर के परिणाम स्वरुप ही शंका पैदा होती है, और शंका व्यक्ति के मन में कमजोरी लाती है। डरा हुआ व्यक्ति हमेशा नकारात्मक विचारों वाला होता है और यही नकारात्मक विचार असफलता को जन्म देते हैं, गीता का भी ज्ञान है कि कर्म किए जा फल की इच्छा मत रख ए इंसान,आप स्वयं एक दिन कह उठेंगे भाग्य साहसी व्यक्ति का साथ देता है।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे
कालोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़,

## कंही रंग ना जाये दुनिया के रंग मे

ना रूपरंग में ना कोई खास ढंग में
चल पढ़ा हूँ अकेले ही
सबके संग में
कंही कुछ चूक हो तो माफ कर देना
कंही रंग ना जाये दुनिया के रंग मे
चलते रहना ही अगर जिंदगी है तो
अगर जीवन उसकी ही बंदगी है तो
रंग जाने दो अब उसके हरेक रंग मे
कंही रंग ना जाये दुनिया के रंग मे
खुशियाँ ही अब जीत का आधार है
कर्म फल से ही जीव का उद्धार है
सफल होगा ही जीवन खास ढंग मे
कंही रंग ना जाये दुनिया के रंग मे
जमाने के हर शैय को आजमा लेना
सितम चाहे हो
जितना अब ढा लेना
चलेगी जिंदगी फिर
अपनी ही रंग मे
कंही रंग ना जाये दुनिया के रंग मे
आना जाना लगा रहेगा इस जग मे
संघर्ष का नाम ही जीवन है जग मे
क्यों ना चले अब जिंदगी के संग मे
कंही रंग ना जाये दुनिया के रंग मे



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी
छत्तीसगढ़

## हमें किसकी तलाश है

हमें किसकी तलाश है।
हमें किसकी आस है।।
ये जिन्दगी हसीन है।
फिर भी बेस्वाद है।।
जिसने भी जिया है।
वो रोया भी बहुत है।
अपनों का दिया सब है।
आंसू दर्द स्वीकार है।।
किसका जलता घर है।
सबको यहाँ सब पता है।।
शमशान बता रहां है।
अन्तिम स्थान यहां है।।



**प्रभात गौर**
नेवादा जंघई
प्रयागराज
उत्तरप्रदेश

## प्यासा होठ

तेरे होठों पे गिरी जो शबनम
उसे मेरे होठों तक आ जाने दो
गरमी से सूख रही मेरी हलक
प्यासे होठों को तृप्त हो जाने दो
कब तक प्यासे रहे पथ के राही
कब तक मृगतृष्णा दिखलायेगी
सूखी धरती की दर्द कौन सुने
कब तक ये पानी तड़पायेगी
बद्मिजाज हो गई है ये पछुवा हवा
घर से गरम हवा ले चलती है
पर मालुम नहीं प्रकृति की मिजाज
पल में चकनाचूर कर देती है
आ जाने दो सावन भादो का कहर
जब आसमां पे बदरा छा जायेगी
गुरूर तेरा चूर हो जायेगा उस दिन
जब बरखा रानी जल ला बरसायेगी
इस जग में किसी का नहीं चला है
तेरा जुल्म कब तलक कहर बरपायेगा
एक दिन मिट जायेगा इस मिट्टी में
उस दिन तुम बहुत ही पछतायेगा



**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला
बाँका बिहार

## परशुराम कहलाते हैं

छुपे हुए हैं राम परशु में,
परशुराम कहलाते हैं,
जीवन की हर एक बाधा की,
नैय्या पार कराते हैं।
छुपे हुए हैं....
अपने साहस के दम पर जो,
राम की याद दिलाते हैं,
भवसागर जो पार कराते,
परशुराम कहलाते हैं।
छुपे हुए हैं ....
प्रत्यंचा जो धनुष चढ़े तो,
धरा डोल-सी जाती है,
मन के मेरे संबल हैं वो,
परशुराम कहलाते हैं।
छुपे हुए हैं ....
कर्मों का हर पाठ पढ़ा है,
हमनें उनके जीवन से,
अजय,अमर, अविनाशी हैं वो,
परशुराम कहलाते हैं।
छुपे हुए हैं ...
धर्म ध्वजा हाथों में सबके,
मंगल गान करा जाए,
जयकारा हो सियाराम का,
परशुराम ही आ जाएं।
छुपे हुए हैं ...



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर,
इन्दौर,मध्यप्रदेश

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# कोरिया जिले के विद्यालय हैं या व्यवसायिक प्रतिष्ठान, खुद ही चला रहे हैं महासेल ?

» मनमाने दामों पर निजी विद्यालय प्रबंधन स्वयं ही बेच रहे कॉपी, किताब, ड्रेस एवं अन्य सामग्री

» सामान्य दुकानों में उपलब्ध नहीं सामग्री,कमीशन और कमाई का सारा खेल

» अभिभावकों की जेब पर डाका, प्रशासन और सरकार भी नहीं ले रही इस ओर सुध

» अच्छी और अंग्रेजी शिक्षा के चक्कर में लूट रहे अभिभावक, मजबूरी का नाजायज फायदा उठा रहे स्कूल प्रबंधन

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 21 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

अच्छी शिक्षा की चाह किस अभिभावक को नहीं होती। इसी महत्वाकांक्षा को पूरी करने के लिए अभिभावक वर्तमान में किसी भी प्रकार के समझौते करने के लिए तैयार हो जाते हैं। जिसका जायज नाजायज फायदा निजी विद्यालय प्रबंधन उठा रहे हैं। बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा दिलाने के लिए क्षेत्र के अभिभावक हर परिस्थिति से समझौता करने को तैयार हैं। अभिभावकों की यह मजबूरी अब परेशानी का सबब बनता जा रहा है, क्योंकि अच्छी शिक्षा के चाह में अभिभावक शासकीय विद्यालयों से जहां एक ओर दूरी बना रहे हैं, वहीं निजी विद्यालयों की ओर उनका आकर्षण बढ़ता जा रहा है। चाहे भले ही निजी विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं हो या ना हो, परंतु अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा देते हैं। कहीं ना कहीं शासन भी इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है।

शासकीय विद्यालयों में उच्च स्तरीय वेतनमान देने के बाद भी शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। जिसके पीछे का मूल कारण यही समझ में आता है कि शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों को शिक्षकीय कार्य करने के लिए अत्यंत कम समय मिलता है, जबकि अधिकांश समय शासकीय विद्यालयों के शिक्षक गैर शिक्षकीय कार्यों के संपादन के लिए बाध्य रहते हैं। जबकि निजी विद्यालयों में भले ही वेतनमान कम हो परंतु बेरोजगारी की पराकाष्ठा के कारण कम वेतनमान में भी शिक्षक उपलब्ध हैं, जो केवल शिक्षकीय कार्य में ही संलिप्त रहते हैं। और उन्हें विद्यालय प्रबंधन द्वारा अन्य किसी प्रकार का कार्य और दायित्व नहीं सौंपा जाता। यही कारण है कि निजी विद्यालयों में दाखिले के लिए मारामारी मची रहती है। परंतु विद्यालय शासकीय हो या निजी, शासन प्रशासन की तमाम बंदिशों और कायदे कानून का पालन करना अनिवार्य होता है। लेकिन कोरिया जिले में एन इससे उलट परिस्थिति देखने को मिल रही है। जहां निजी विद्यालय प्रबंधन खुलेआम अभिभावकों की जेब पर डाका डाल रहे हैं, और अभिभावक भी मन मसोसकर मौन स्वीकृति से स्वयं के जेब पर डाका पड़ने के लिए अपनी मनस्थिति को तैयार कर लेते हैं। गाहे-बगाहे विरोध




का स्वर उठता भी है तो कहीं ना कहीं बच्चों की शिक्षा के आगे यह विरोध दब जाता है। प्रशासन भी इस ओर कभी सुध नहीं लेता इसलिए निजी विद्यालय प्रबंधन अपने मनमानी पर उतारू हैं। वास्तव में देखा जाए तो शिक्षण संस्थान अब व्यवसायिक प्रतिष्ठान बनकर रह गए हैं। जहां विभिन्न प्रकार के व्यवसाय पूरी तरह हावी हैं। शिक्षा अंतिम विकल्प के तौर पर मौजूद है, जबकि विद्यालय यूनिफार्म का व्यवसाय, जूते, कपड़े, टिफिन, बैग, किताब, कॉपियों का व्यवसाय सर्वोपरि है। निजी विद्यालय प्रबंधन को व्यवसायिक प्रतिष्ठान कहना इसलिए भी मजबूरी है कि अब सारी चीजों के विक्रेता वह स्वयं है। और अभिभावकों की मजबूरी है कि मनमाने दामों पर उनसे विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सामग्रीया खरीदें। अन्यथा अन्य स्थान पर या अन्य दुकानों पर यह सामग्रियां उपलब्ध नहीं होती।

### विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सामग्रियां खुले बाजार में उपलब्ध क्यों नहीं? कोरिया जिले में मनमाने दामों का खुला खेल क्यों?

निजी विद्यालय प्रबंधन अपने विद्यालयों का ड्रेस कोड एवं किताबों का पैटर्न स्वयं तय करता है, एवं सारा स्टाक स्वयं से संग्रहित कर रखता है। जब अभिभावक अपने बच्चे को दाखिला दिलाते हैं, या बच्चा अगली कक्षा में क्रमोन्नत होता है, तो नई किताबों एवं ड्रेस के लिए उसे विद्यालय पर ही निर्भर रहना पड़ता है। क्योंकि खुले बाजार में यह सामग्रियां उपलब्ध नहीं होती। इसका कारण यह है कि अधिक लाभ कमाने के चक्कर में निजी विद्यालय प्रबंधन खुले बाजार के व्यापारियों को वांछित सामग्रियों की भनक लगने नहीं देता या यदि खुले बाजार के व्यापारी वांछित सामग्रियों का भंडारण कर भी लें तो विद्यालय प्रबंधन अचानक पूरी चीजों को परिवर्तित कर देता है। जिसे खुले बाजार के व्यापारी स्टाक रखना उचित नहीं समझते और अभिभावक विद्यालय प्रबंधन से सामग्रियां खरीदने को मजबूर होता है। जिसका परिणाम यह होता है कि अत्यंत अल्प दामों में बिकने वाली सामग्रियां मनमाने दामों में निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा बेची जाती हैं, और कई गुना लाभ कमाया जाता है। शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं जाता, जबकि व्यापारी एवं अभिभावक सैकड़ों बार इसकी शिकायत शासन प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के समक्ष कर चुके हैं। परिजनों के अनुसार कोरिया जिले में संचालित ग्लोबल प्राइड स्कूल जमगहना, किड्स वर्ल्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल, श्याम लर्निंग टेंपल, इंद्रप्रस्थ इंग्लिश मीडियम स्कूल, एयरोकिड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, लिटिल मिलेनियम स्कूल यह ऐसे निजी विद्यालय प्रबंधन है जो खुद ही कॉपी, किताब, ड्रेस मोजा, जूता, टाई, बेल्ट बेच रहे हैं। जबकि नियमानुसार इन सब चीजों की लिस्ट और ड्रेस और किताबों का कोड ओपन होना चाहिए, जिससे जो व्यापारी इन सामग्रियों को बेचना चाहे वे बेच सकें। निजी विद्यालयों में पढ़ाई दीगर बात हो गई है, जबकि दिखावा प्राथमिकता में है। और इसी दिखावे का लोभ अभिभावक को अपनी गिरफ्त में ले लेता है। प्रबंधन की शिकायत करना भी अभिभावक के लिए नागवार है। क्योंकि ऐसी दशा में उसके शिकायत के कृत्यों का फल छात्र की अनदेखी को लेकर भुगतना पड़ सकता है। यही कारण है कि अधिकांश अभिभावक अपने ऊपर हो रहे शोषण और अत्याचार को चुपचाप सहन कर लेते हैं। जिसका परोक्ष और अपरोक्ष रूप से शासन प्रशासन और शिक्षा विभाग भी बराबर जिम्मेदार है।

# निशुल्क स्वास्थ्य,चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का ग्रामीणों ने लिया लाभ






» स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाइयां की गई वितरित।

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 21 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत चिरगुडा, कोचिला, एवं छिंदिया के हृदय स्थल छिंदिया चौक में डॉक्टर संदीप कुमार अहिरवार के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन शिक्षक श्री पुरुषोत्तम सिंह एवं शिक्षक आशीष जायसवाल के सहयोग से किया गया था। जिसकी मुनादी ग्राम पंचायत चिरगुड़ा,कोचिला, एवं छिंदिया में कराई गई थी। साथ ही सोशल मीडिया के जरिए आमजन तक सूचना पहुंचाने की कोशिश की गई थी। जिसका बृहत लाभ उक्त ग्राम पंचायतों के निवासियों को मिला। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनों ने चिकित्सा शिविर में उपस्थित होकर अपने स्वास्थ्य समस्या का निदान पाया। चिकित्सा शिविर में डॉ संदीप कुमार अहिरवार जो पूर्व में छत्तीसगढ़ के विख्यात रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर एवं नारायणा हॉस्पिटल रायपुर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, इनके द्वारा पेट संबंधित रोग, चर्म संबंधित रोग, सांस संबंधित रोग, मानसिक रोग, हड्डी रोग एवं अन्य सामान्य बीमारियों का उपचार के साथ साथ दवाइयों का वितरण किया गया। एवं लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए किए जाने वाले आवश्यक उपायों से अवगत कराया गया। साथ ही बीमार व्यक्तियों के लिए डाइट प्लान कैसा होना चाहिए इसके बारे में बताया गया। ग्रामीण जन जो चिकित्सा शिविर में लाभ के लिए आए थे, उन्हें कोरोना महामारी के पुनः पैर पसारने की जानकारी दी गई एवं उससे बचने के सभी संभावित उपायों को अपनाने का सलाह भी संदीप अहिरवार द्वारा दिया गया। शिविर में उपस्थित लोगों ने चिकित्सक एवं आयोजनकर्ताओं का धन्यवाद किया और बताया कि ऐसे शिविरों के आयोजन से लोगों को सर्व सुलभ चिकित्सा उपलब्ध हो जाती है। ऐसे आयोजन लगातार होते रहने चाहिए।

# अलग-अलग जगहों से दो सट्टेबाज पकड़ाए

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,21 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दो सट्टेबाज को पकड़ने में सफलता मिली है। आपको बता दे कोतवाली प्रभारी द्वारा लगातार अवैध कार्य करने वाले पर कार्यवाही की जा रही है।उसी तारतम्य में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की नंदलाल स्टेशन रोड दुर्गा पंडाल के पास सट्टा पट्टी काट रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो सट्टा खेलने वाले मौके से भाग गए। पुलिस के नंदलाल को पकड़ा और उसकी तलाशी ली गई ।तलाशी के दौरान उसके पास से सट्टा पट्टी, पेन सहित नगदी मिला।पुलिस ने आरोपी को पकड़कर थाना लाया गया।कुछ देर बाद पुलिस को पुनः मुखबिर से सूचना



मिली की स्टेशन रोड तिराहे में स्थित पान ठेला में नंदलाल केसरवानी सट्टा पट्टी काट रहा है।पुलिस मुखबिर के बताए जगह पर पहुंची तो वहा नंदलाल केशरवानी सट्टा पट्टी काट रहा था।पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से भी सट्टा पट्टी, पेन,नगदी जप्त कर थाना लाया गया। दोनो आरोपी नंदलाल पिता शिवल दास निवासी रेलवे स्टेशन दुर्गा पंडाल और नंदलाल केशरवानी पिता स्व.भगवान केशरवानी निवासी वार्ड नंबर 8 सरोवर मार्ग पर छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में नगर निरीक्षक सचिन सिंह, सउनि विजय कुमार तिवारी, प्रधान आरक्षक सुखसेन तिर्की आरक्षक सोनल पांडे सैनिक विनीत सोनी रहे।

# नव विवाहिता मायके में आकर सोमवार से हुई लापता



» गुरूवार को जंगल में चुनरी से फांसी पर लटकी मिली लाश

» कारण अज्ञात उदयपुर पुलिस जांच में जुटी

- संवाददाता -
उदयपुर,21 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घाटबर्रा की रामशीला का विवाह दो माह पूर्व ग्राम खजुरी थाना दरिमा निवासी सोनु राम मझवार के साथ हुई थी जो कि अपने मां के साथ एक माह पूर्व ग्राम घाटबर्रा अपने मायके वापस आकर घर में रह रही थी जो कि दिनांक 17 अप्रैल सोमवार से सुबह 10बजे घर से घर से बिना बताये निकली थी घर वाले पता तलाश कर रहे थे कहीं पता नहीं चला दिनांक 20 अप्रैल को रामशीला का शव घाटबर्रा जंगल में पेड़ पर चुनरी से लटका मिला । घटना की सूचना परिजनों द्वारा उदयपुर थाने में दी गई । नव विवाहिता का मामला होने से उदयपुर पुलिस घटना की सूचना अनुविभागीय अधिकारी उदयपुर को दी । शुक्रवार को नायब तहसीलदार एजाज हाशमी, सहायक उप निरीक्षक गोमती प्रसाद यादव के नेतृत्व में मौके पर पहुंचे सभी अधिकारियों की मौजूदगी में सड़ी गली अवस्था में शव को पेड़ पर से उतारकर शव का पंचनामा पोस्टमार्टम कराया गया तथा शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। उदयपुर पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है। नव विहिता ने किन कारणों से आत्महत्या की है इसका इभी पता नहीं चल पाया है।

# मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में डिजिटल मीडिया एसोसिएशन का स्थापना एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

- संवाददाता -
कोरबा,21 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

डिजिटल मीडिया एसोसिएशन ने दिनांक 20/04/2023 को अपना पहला स्थापना एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सीनियर क्लब सीएसईबी में आयोजित किया जिसमें डिजिटल मीडिया एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं सचिव जितेंद्र राजपूत के मार्गदर्शन में डिजिटल मीडिया एसोसिएशन के सदस्य द्वारा शपथ ग्रहण समारोह एवं वरिष्ठ पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्ब इस आयोजन में मुख्य अतिथि रहे प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, निगम महापौर राज किशोर प्रसाद, निगम सभापति श्याम सुंदर सोनी एवं समस्त डिजिटल मीडिया एसोसिएशन के सदस्य गण एवं वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे आयोजन के दौरान श्री जयसिंह अग्रवाल ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी एवं सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण दिलवाया साथ ही आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकारों को प्रदेश के राजस्व मंत्री मंत्री श्री अग्रवाल के हाथों सम्मान किया गया द्ब इस दौरान श्री जयसिंह अग्रवाल ने मीडिया के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा के पहले प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हुआ करतद्ब था पर अब समय के गति के साथ-साथ सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया भी काफी अग्रसर है। उन्होंने मीडिया को चौथा स्तंभ



बताते हुए कहा कि मीडिया ही है जो जनता, प्रशासन एवं कानून व्यवस्था को जानकारी प्रेषित कर अपने कर्तव्यों को निभाते हुए देश प्रदेश की संपूर्ण व्यवस्था को बनाए रखने में मदद करती है अग्रवाल ने कहा के आज के दौर में डिजिटल मीडिया काफी अग्रसर है परंतु कभी-कभी समय की गति के साथ साथ डिजिटल मीडिया की गति बढ़ने से इसका दूस परिणाम भी देखा गया है कभी-कभी डिजिटल की तेज गति के चलते गलत जानकारी भी समाज में चला जाता है जिससे इसका विपरीत प्रभाव पड़ने के भी आशंका बनी रहती है जिसे बचते हुए एवं समाचार संकलन की पूरी जानकारी को ध्यान में रखते हुए एक मीडिया कर्मी का कर्तव्य है के वो किसी भी विषय की विस्तृत जानकारी के बाद ही उस खबर को निष्पक्ष जनता में प्रेषित करे उन्होंने इस दौरान सुझाव देते हुए कहा की डिजिटल मीडिया से जो भी कर्मी जुड़े हैं उन्हें अपने कार्य करते वक्त आई कार्ड रखना चाहिए जिससे ये मालूम हो की वह व्यक्ति मीडिया से है क्योंकि कई बार देखा गया है के आयोजनों में मीडिया कर्मी और आम नागरिक में पुलिस प्रशासन को फर्क करने में असमंजस की स्थिति बन जाती है जिससे तनावपूर्ण स्थिति उत्पन होने की संभावना रहती है। इसलिए इससे बचने के लिए उन्होंने डिजिटल मीडिया एसोसिएशन के अध्यक्ष को सुझाव देते हुए कहा के एसोसिएशन के सभी सदस्यों को आई कार्ड जारी करते हुए अपने कार्य क्षेत्र के कर्तव्यों को बताएं एवं ऐसा कोई कार्य न करें जिससे समाज में इसका विपरीत प्रभाव पड़े क्योंकि मीडिया ही एक ऐसा कार्य क्षेत्र है जिसका सीधा और निष्पक्ष संबंध समाज से होता है जो समय के साथ समाज को एक नई दिशा की ओर ले जाने में सहायक होता है।

# जनसंपर्क के दौरान सर्व सेन नाई समाज को सामाजिक भवन की सौगात

» ग्रामीणों की सुनी समस्याएं,त्वरित निराकरण का आश्वासन

» जिलाधीश को जारी किए निर्देश,जिससे ग्रामीणों को समस्याओं से मिल सके निजात

» देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर जनसंपर्क अभियान अपने चरम पर

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 21 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

सत्ता शासन में आसीन होने के लगभग साढ़े चार वर्ष बाद बैकुंठपुर विधायिका का एवं छत्तीसगढ़ शासन में संसदीय सचिव के पद पर आसीन श्रीमती अंबिका सिंहदेव का जनसंपर्क अभियान अपने जोरों पर है। विगत दिनों से जारी यह अभियान दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। अब यह जनसंपर्क चुनावी वर्ष में लोगों की समस्याओं के निजात के लिए है या आगामी चुनाव में टिकट बचाए रखने की कवायद, यह तो दीगर बात है। परंतु सत्ता शासन के 4 वर्षों के कार्यकाल के बाद अपने निर्वाचित जनप्रतिनिधि को अपने बीच देखकर








जनता भी खुश नजर आ रही है और इसी बहाने उनकी समस्याओं के निराकरण एवं निदान का मार्ग भी प्रशस्त हो रहा है। बहरहाल कारण जनसंपर्क का जो भी हो परंतु जनता की सुनवाई हो रही है यह अच्छी बात है। साथ ही जोश खरोश के साथ चलने वाला यह जनसंपर्क उन कांग्रेसियों के भी नींद उड़ाए है, जो वर्तमान विधायक के टिकट कटने का सपना देख रहे थे और स्वयं को दावेदार के तौर पर प्रस्तुत कर रहे थे। वर्तमान विधायक की निष्क्रियता के कारण कांग्रेस में कई दावेदार उभर कर सामने आ रहे थे, और कुछ ने तो स्वयं को आगामी विधायक घोषित भी कर रखा था। जिसके तारतम्य में विगत 6 माह से वे लगातार जनसंपर्क में थे, और लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। परंतु विधायिका महोदया के जनसंपर्क का सकारात्मक पहलू यह है कि वह सत्तापक्ष की विधायक होने के साथ-साथ पावर में हैं, और जन समस्याओं का निराकरण करना उनके हाथ है। अतः अन्य दावेदारों की अपेक्षा उनका जनता के बीच जाना अधिक प्रभावी नजर आ रहा है।

### सक्रियता और सौगात के तालमेल से जनता की नाराजगी दूर करने की कोशिश

विगत कुछ दिनों से बैकुंठपुर विधानसभा में निर्वाचित जनप्रतिनिधि श्रीमती अंबिका सिंहदेव न केवल लोगों के बीच जा रही हैं, बल्कि लोगों को सौगात देने के साथ-साथ उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए पहल भी कर रही हैं। इसी तारतम्य में विगत दिनों सर्व सेन नाई समाज के सम्मेलन में ग्राम पंचायत छिंदिया में उन्होंने नाई समाज के सामाजिक भवन के लिए ? दस लाख देने की घोषणा की। वहीं मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर अपनी समस्याओं को लिखित रूप से प्रस्तुत किया, जिस पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए विधायक महोदया ने जिला कलेक्टर को समस्या को सुलझाने के लिए आवेदन पत्र में ही त्वरित टिप्पणी लिख कर निर्देशित किया। अब देखना यह है कि विधायक महोदया की सक्रियता से ग्रामीणों की समस्याओं को निजात पाने में कितना वक्त लगेगा, परंतु त्वरित निर्देश पाकर समस्या ग्रस्त ग्रामीण भी खुश नजर आए। हालांकि विधायक महोदया को सौंपे गए समस्यापत्र जिसमें पेयजल सुविधा के लिए इंदिरा गांव गंगा योजना के मोटर को बदलवाने के लिए, निर्बाध विद्युत व्यवस्था के लिए लगाए गए नए ट्रांसफार्मर जो कि खराब है को बदलवाने के लिए, विगत 1 वर्ष से लगातार चल रहा नहय का सुधार कार्य जो 6 माह से बंद है उसको पूर्ण कराने के लिए, माध्यमिक शाला भवन एवं पंचायत भवन जिसकी स्थिति जर्जर हो चुकी है की नवीन भवनों की स्वीकृति के लिए और रात्रि कालीन प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत खंभों में लाइट लगाने के लिए कई बार ग्रामीणों द्वारा शिकायत और मांग किया जा चुका है, जिसका समाधान अब तक नहीं हो पाया है। अब देखना यह है कि विधायक महोदया के पहल से आने वाले कितने दिनों में इन समस्याओं का समाधान हो पाएगा।

CMYK

# करोड़ों की लागत की सड़क का निर्माण कार्य को बिना डब्लू एम एम प्लांट के कागज मे संचालित प्लांट बताकर करा दिया गया है सड़क निर्माण कार्य

## सड़क निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की सह पर ठेकेदार के द्वारा बिना प्लांट के मनमानी तरीके से करने का आरोप

- राजेन्द्र शर्मा -
खड़गवां,21 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

» सड़क निर्माण कार्य में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी पर ठेकेदार पड रहा था भारी धड़ल्ले से बिना डब्लू एम एम प्लांट के सड़क निर्माण और बिना आर एम सी प्लांट के कंक्रीट का जैसे पुल पुलिया का निर्माण कार्य किया गया है


» ठेकेदार के द्वारा मनमाने तरीके से सड़क एवं पुल पुलिया का निर्माण कार्य कराया गया है गुडघेला नाला से सिंघत सड़क मार्ग का नव निर्माण एवं, पुल- पुलिया निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन सामाग्री का उपयोग कर निर्माण कार्य किया गया है जिसकी गुणवत्ता निमित्त पुलिया को देखने और छूने मात्र से पुलिया के सपोर्ट वाले से सीमेंट की जगह सिर्फ रेत झड़ रही है ये है गुणवत्ता युक्त पुलिया का निर्माण कार्य?

» सड़क निर्माण कार्य में लोक निर्माण विभाग के अधिकारीओ के सामने ठेकेदार के द्वारा सडक के निर्माण कार्य की लम्बाई चौडाई और मोटाई मे भी बड़ा घोटाला किया गया है ये सब की जानकारी अधिकारियों को होने के बाद भी नहीं रोका गया सड़क निर्माण कार्य?

» छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री के द्वारा गुणवत्ता विहीन सड़कों के निर्माण कार्य कराये जाने पर कडी कार्यवाही करने के निर्देश के बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के द्वारा सड़क निर्माण कार्य और कंक्रीट का निर्माण कार्य धड़ल्ले से गुणवत्ता विहीन कार्य कराया गया है ?

» करोडो रूपए की लागत की सडक के निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा डब्ल्यू एम एम की निर्माण समाग्री बिना डब्ल्यू एम एम प्लांट के और बिना पेवर मशीन से बिना ग्रेडिंग के कार्य कराया है। जबकि यहां सडक निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के नजरों के सामने और उनकी देखरेख में जबकि विभाग के एक इंजिनियर की डियूटी थी कि सड़क निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कोई गुणवत्ता और मापदंड में कमी ना हो सड़क गुणवत्ता युक्त निर्माण हो मगर यहां तो रक्षक ही भक्षक बन कर निर्माण कार्य करा दिया गया है?

» जिसका परिणाम यह है कि सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता चंद महीनों में ही दिखाई दे रही है जिस कारण सड़क निर्माण कार्य में मशीनों का उपयोग नहीं करने के कारण सही सामाग्री का मिश्रण डब्ल्यू एम एम प्लांट से नहीं होने के कारण ये सड़क गुणवत्ता विहीन



होने के कारण जगह जगह उखड़ रहे है।



सड़क के उखड़ने का सही कारण निर्माण सामग्री का सही और गुणवत्ता युक्त किस मात्रा में कौन सी सामग्री को मिला कर तैयार किया जाना है।इसकी जांच करने की जरुरत कभी अधिकारीयों ने समझी ही नहीं और ना ही कभी निरीक्षण के दौरान कोई प्रश्न चिन्ह लगाया अधिकारी सिर्फ कागजों में करते हैं निरीक्षण का दावा ?

लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा गुडघेला नाला से सिंघत पहुच सडक निर्माण कार्य करोडो रुपए की लागत से हुआ है इस सड़क निर्माण कार्य सिंघत पहुंच सड़क नवनिर्माण एवं उन्नयन के कार्य मे नियोजित ठेकेदार द्वारा जमकर मनमानी बरती गई है।

सड़क निर्माण के इस कार्य मे पुल-पुलिया निर्माण के दौरान भी गुणवत्ताहीन निर्माण सामाग्री का उपयोग करते हुए कार्य को अंजाम दिया गया है। यह मुख्य बैकुंठपुर एवं चिरमिरी खड़गवां मुख्यालय से ग्राम ठगगवा से सिंघत होते हुए दुग्गी पटमा पोडी बुरा कदमबहरा जिलीबांध को जोड़ने वाले उक्त सड़क मार्ग का नवनिर्माण व उन्नयन कार्य का ठेका मेसर्स आयुष पलाई एश ब्रिक्स इंडस्ट्री देवाडाड के ठेकेदार को मिला है । लेकिन ठेकेदार के द्वारा अपनी मनमानी के कारण सड़क निर्माण कार्य को बिना डब्लू एम एम प्लांट के ही 100/ प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है ?इस सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के देखरेख में हो रहा था पुल-पुलिया निर्माण कार्य में कांक्रीटिंग के दौरान प्राक्कलन के विपरीत निर्माण सामाग्री का उपयोग किया गया है, जबकि जो कांक्रीट सामाग्री क्वालिटी परीक्षण हेतु रखा गया था उस सामाग्री में अतिरिक्त सीमेंट डालकर गुणवत्तापरख दिखाने का पूरा प्रयास किया गया है। और पुल पुलिया निर्माण स्थल पर कुछ और बया कर रहे हैं। इस प्रकार जमकर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य को अंजाम दिया गया है। जिसकी जांच उच्च अधिकारियों की टीम से मौके पे जाकर सड़क निर्माण कार्य में उपयोग की गई सामग्री और सड़क पर बिछाई गई लेयर की पूर्ण जांच करने पर सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। लेकिन ऐसा नही हो पा रहा है, जिससे होने वाले कार्य की मजबूती पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है ? जबकि इस सड़क निर्माण कार्य का देखरेख करने वाले संबंधित अधिकारी ठेकेदार के हाथों की कठपुतली बन कर उनके इशारे पर नाचते नजर आते थे, तो वही क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनियों के पास भी इतनी फुर्सत नही कि किस कदर कार्य कराया जा रहा है, उसका मौके पर जाकर निरीक्षण कर सके। इस संबंध पर जब निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर विभागीय के साइड इंजिनियर के एस लोध से फोन पर सड़क निर्माण कार्य कि जानकारी के लिए फोन किया जाता है तो वो फोन रिसिव करना मुनासिब नहीं समझते है।

# चॉकलेट का लालच देकर दो युवकों ने 07 साल की बच्ची से किया अनाचार

- संवाददाता -
कोरबा,21 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।



रामपुर सिविल लाइन क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है जहां महज सात साल की एक मासूम बच्ची के साथ हैवानियत की गई बच्ची के परिवार वालों की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अनाचार करने वाले दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है जानकारी के मुताबिक 20 अप्रैल को मोहल्ले में रहने वाले 02 युवकों ने मिलकर एक 07 वर्षीय बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया बच्ची की मां ने बताया कि आरोपी दोनों युवकों ने बच्ची को चॉकलेट के बहाने एक गोदाम के अंदर ले जाकर अनाचार की घटना को अंजाम दिया बच्ची के रोते हुए घर पहुंचने पर परिजनों ने कारण पूछा तो उसने अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया परिजनों को मासूम बच्ची के साथ हुई घटना का पता चलते ही पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन थाना प्रभारी ने तत्काल दबिश देकर दोनों आरोपियों शिवकुमार और हरिनाथ को गिरफ्तार कर लिया है।


**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202303020700029**

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**
**फुन्दुरडिहारी प.ह.न. 00016 (292/1 (0.0200हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-विराजो कौशिक,**
**अनावेदक पक्षकार- कोटवारिन,**

**ईश्तहार**

आवेदक विराजो कौशिक पत्नी दशरथ राम कौशिक, निवासी ग्राम बरबसपुर, तहसील प्रतापपुर, जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी,तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 292/1 रकबा 0.020 हे0 भूमि को वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26/04/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपसिथत होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/04/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)



**न्यायालय नायब तहसीलदार दरिमा वृत के न्यायालय में मामला क्रमांकः 2023022000007**

**विषयः- अ-27 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**
**खाला प.ह.न. 00004 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-रतमनिया,**
**अनावेदक पक्षकार- अवध कुंवर,**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा ग्राम खाला रा0नि0म0 सोहगा थाना व तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ0ग0 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका रतमनिया पत्नी रमाशंकर एवं अन्य 10 निवासी ग्राम सखौली रा0नि0म0 सोहगा थाना व तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम खाला तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ0ग0 स्थित भूमि कुल ख0न0 15 रकबा 2858 हे0 भूमि का उभय पक्षो के मध्यम 1/3,1/3,1/3, अंश में खाता विभाजन कराने हेतु आवेदन पेश किया गया है।
उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/05/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपसिथत होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/04/2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार दरिमा वृत सरगुजा



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र.../ब-121/2022-23**

,एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लाखमनी देवी पति जगदीश प्रसाद गुप्ता निवासी भनौरा तहसील बलरामपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2100/10 रकबा 0.040 है0 भूमि को अनावेदक अनिल कुमार गुप्ता आ0 जगदीश प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम भनौरा तहसील बलरामपुर के पास दान करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 10/05/2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 13/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा


# शिक्षकों ने बाबूओं के साथ मिलकर किया सवा करोड़ का गोलमाल,एफआईआर दर्ज

-राजा मुखर्जी -
कोरबा,21 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

जिला शिक्षा विभाग किसी ना किसी बात को लेकर आए दिन सुर्खियों में बना रहता है । ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें जिले के शिक्षक सहित अन्य लोगों ने शासन को ही सवा करोड़ का चूना लगा दिया। अब जब इसका खुलासा हुआ और मामले की जांच कराई गई तो मामला सही पाया गया। जिसके बाद शिक्षा विभाग ने इसकी शिकायत पुलिस से की है, जिस पर पुलिस ने एक दर्जन शिक्षक सहित अन्य लोगों के खिलाफ धारा 420, 120 बी भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। यह मामला पाली ब्लाक के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदीबाजार के सहायक ग्रेड-03 (बाबू) ऋषि कुमार जायसवाल सहित शिक्षा विभाग के अन्य लोगों ने शासन को एक करोड़ से अधिक की राशि का चूना लगाया है। बताया जाता है कि इस राशि को डकारने के लिए पूरा गिरोह काम कर रहा था। जब मामला सामने आया और इसकी जांच उप संचालन शिक्षा विभाग द्वारा कराई गई तो मामला सही पाया गया। अब मामले की लिखित शिकायत हरदीबाजार चौकी पुलिस को की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने बाबू ऋषि जायसवाल, प्रभारी प्राचार्य व्यास




नारायण समेत सोमनाथ भारद्वाज, सुरेंद्र पाटले, भोपाल सिंह, विक्की यादव, मनीष देवांगन, दिनेश कुमार, संजू यादव, नितेश कुमार, रतन कुमार, कृष्ण जगत के खिलाफ धोखाधड़ी व षड्यंत्र का मामला दर्ज किया है। इस मामले का पर्दाफाश पहले ही हो गया था और मामले की जांच की जा रही थी। बताया गया है कि हरदीबाजार के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य के फर्जी हस्ताक्षर से कटघोरा के उप कोषालय से लगभग सवा करोड़ रुपये निकालने की शिकायत मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच के लिए शिक्षा विभाग ने एक टीम का गठन किया था। जांच में सरकारी खजाने से राशि निकालने को लेकर गंभीर अनियमितता सामने आई । इसे देखते हुए संयुक्त संचालक बिलासपुर को अवगत कराया गया। बिलासपुर स्थित कार्यालय के आदेश पर विशेष टीम बनाकर इस मामले की जांच शुरू की गई evam कई प्रकार की गंभीर अनियमितता सामने आई है। अब पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।


**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0**

**रा.प्र.क्र.202205020700053/ अ-27/2021-22**

**फर्द बटवारा का अंतिम प्रकाशन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा0प्र0क्र 202205020700053/अ-27/2021-22 पक्षकार करिया बाई प्रति सोमारी, ग्रम केशवपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2, 592/5,638,639,640 रकबा 0.045, 0.073, 0.012,0.065, 0.239 हे. भूमि का फर्द बंटवारा सूची हल्का पटवारी से प्राप्त हुआ है, जिसका अंतिम प्रकाशन कराया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोइ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/4/2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 10/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा


## मनेन्द्रगढ़ के भाजयुमो अध्यक्ष बने आदित्य अग्रवाल

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,21 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)। भारतीय जनता पार्टी में युवाओं के प्रमुख संगठन भाजयुमो के मनेन्द्रगढ़ मंडल में अध्यक्ष की जवाबदारी आदित्य अग्रवाल को दी है।आदित्य ऊर्जावान और संगठन के लिए कर्मठ माने जाते हैं इसलिए चुनाव से पहले उन्हें यह प्रमुख जवाबदारी दी गई है।



मंडल अध्यक्ष पर उनकी नियुक्ति जिलाअध्यक्ष भाजपा एवं जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा एम सी बी जिले द्वारा अनुशंसा से की गई है। इससे पहले वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कॉलेज अध्यक्ष, कोरिया जिला में प्रचार प्रसार प्रमुख, बूथ क्रमांक दस में सचिव व अन्य पदों पर दायित्वों का निर्वहन करते हुये संगठन को मजबूत करने काम कर चुके हैं। मंडल अध्यक्ष बनने के बाद आदित्य ने कहा कि वरिष्ठजनों ने उन्हें भाजयुमो अध्यक्ष जैसी बड़ी जवाबदारी देकर अपना विश्वास दिखाया है। वे हर स्थिति में उनकी उम्मीद और विश्वास पर खरा उतरेंगे। उनका सबसे बड़ा लक्ष्य आगामी विधानसभा चुनाव है और इसके लिए पूरी टीम के साथ मेहनत करेंगे।भाजपा की नीतियों का प्रचार प्रसार तथा संगठन से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का काम करेंगे।आदित्य को अध्यक्ष की जवाबदारी मिलने के बाद उनके समर्थकों में हर्ष है।



# रमजान के आखिरी शुक्रवार पर मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अता की गई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2023
(घटती-घटना)।

रमजान के आखिरी शुक्रवार पर मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अता की गई। नगर के जामा मुस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज अता कराई गई। जुमा की नमाज अता करने समाज के काफी संख्या में बच्चे, युवा व बुजुर्ग शामिल हुए। इसी प्रकार मोमिनपुरा, ईमलीपारा सहित अन्य मोहल्लों के मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोगों ने अलविदा जुमे की नमाज अता कर अमन चैन की कामना की। शनिवार को ईद मनाई जाएगी। ईद का नमाज इदगाह में पढ़ा जाएगा। ईद के नमाज के लिए मुस्मिल समाज के लोग जुट गए है। नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे को बधाई देंगे।


# कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## जल संसाधन संभाग बलरामपुर,जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज(छ.ग.)

पत्र क्रमांक/773/व.ले.लि./2023 बलरामपुर,दिनांक 10/04/2023

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

निविदा सूचना क्रमांक 09/व.ले.लि./2022-23 दिनांक 06.03.2023 निविदा सिस्टम क्रमांक 126675(द्वितीय आमंत्रण) सरईडीह जलाशय योजना के नहर निर्माण कार्य राशि रूपए 353.20 लाख में निविदा के द्वितीय आमंत्रण में निविदाकारों की भागीदारी शून्य होने के कारण कोई निविदाकार प्राप्त नहीं होने के फलस्वरूप निविदा निरस्त किया जाता है।
विज्ञापन क्रमांक G-99184/4

**कार्यपालन अभियंता**
जल संसाधन संभाग बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

जी नंबर-00402/3



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छत्तीसगढ़)

Phone:-07775-266048 E-mail ID: ee-res-surajpur@gov.in

**''निविदा आमंत्रण सूचना''**

क्रमांक/.783/वलेलि/ग्रा.यां.से/2023-24 सूरजपुर दिनांक 19.04.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि | अमानत राशि सत्य सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोस्ट से जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Construction of Additional room at Gpvt.P.S. Koteya-Pratappur | 1728959.00 | 03-05-2023 | 04-05-2023 17.30 pm |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें,धरोहर राशि,विस्तृत निविदा विज्ञप्ति,निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 18.04.2023 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईट https:/eproc.cgstate.gov.in/ प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग सूरजपुर,जिला-सूरजपुर

जी नंबर-00416/1



## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला कोरिया(छ0ग0)

दूरभाष एवं फैक्स नम्बर-07836-232859 E-mail-actd.koriya@nic.in

**''तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना''**

क्रमांक/निर्माण/न.क्र.-400-2/2022-24/44 बैकुंठपुर,दिनांक 13/04/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत श्रेणी ''द'' एवं उससे ऊपर पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 |
| 1 | आदि.कन्या आश्रम सोस का जीर्णाद्वार कार्य | 806000.00 |
| 2 | आदि.कन्या आश्रम खड़गवां का जीर्णाद्वार कार्य | 609000.00 |
| 3 | प्री.मै.आदि.बालक छात्रावास कोटाडोल में अहाता निर्माण | 719000.00 |
| 4 | प्रो.मै.आदि.बालक छात्रावास जनकपुर जीर्णाद्वार कार्य | 1232000.00 |
| 5 | प्री.मै.आदि.बालक छात्रावास माड़ीसरई में एल्युमीनियम एवं अन्य निर्माण | 969000.00 |
| 6 | प्री.मै.आदि.बालक छात्रावास कोटाडोल में नाली निर्माण | 1042000.00 |
| 7 | प्री.मै.आदि.बालक छात्रावास कोटाडोल में सीसी रोड निर्माण कार्य | 574000.00 |
| 8 | आदि.कन्या आश्रम चिल्का का जीर्णाद्वार कार्य | 280000.00 |
| 9 | आदि.बालक आश्रम बंशीपुर में सोलर सिस्टम ,बाथरूम एवं अन्य जीर्णोद्वार कार्य | 635000.00 |
| 10 | प्री.मै.आदि.कन्या छात्रावास बैकुंठपुर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण | 1164000.00 |

1.निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने का दिनांकः24.04.2023 शाम 5.00 बजे तक
2.निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक : 25.04.2023
3.निविदा प्रपत्र जमा करने का दिनांक : 06.04.2023 तक
4.निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक :28.04.2023दोपहर 12.00 बजे से

निविदा की सामान्य शर्तें,धरोहर राशि,विस्तृत निविदा विज्ञप्ति,निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरिया के कार्यालयीन सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र मूल्य सरल क्रं. 01 से स.क्रं. 10 तक सभी निविदा प्रपत्रों का मूल्य 750.00

**सहायक आयुक्त**
आदिवासी विकास कोरिया

जी नंबर-00359/5



# प्रभु राम के ननिहाल में स्थित कौशल्या माता मंदिर का जीर्णोद्धार कर विश्वपटल पर स्थापित कर मातृ शक्ति को समर्पित



# माता कौशल्या महोत्सव-2023

22-24 अप्रैल 2023, चंदखुरी-रायपुर

## भक्ति, आस्था और अध्यात्म महोत्सव के


# उद्घाटन समारोह

**22 अप्रैल 2023, शाम 5 बजे, चंदखुरी-रायपुर**

## में आप सभी सादर आमंत्रित हैं

**- भूपेश बघेल**

मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़




## सांस्कृतिक कार्यक्रम

**22 अप्रैल, शाम 5 बजे**

माधुरी महिला मानस मंडली, गरियाबंद
**श्रीमती पुष्पांजलि सिन्हा**

राम की शक्ति पूजा
**श्री व्योमेश शुक्ला, वाराणसी**

भक्तिमय गीत-संगीत भजन
**सुश्री कविता पौडवाल, मुम्बई**

**23 अप्रैल, शाम 5 बजे**

वीणा वादिनी मानस परिवार, भाटापारा
**श्रीमती वीणा साहू**

हरिदर्शन मानस मंडली, जांजगीर-चांपा
**श्री देवेंद्र कुमार श्रीवास**

ज्ञान गंगा मानस परिवार, दंतेवाड़ा
**श्री कुशल सिंह साहू**

भक्तिमय शास्त्रीय संगीत नृत्य-नाटिका
**सुश्री रमिंदर खुराना, मुंबई**

भक्तिमय गीत-संगीत भजन
**श्री प्रभंजय चतुर्वेदी, भिलाई**

**24 अप्रैल, शाम 5 बजे**

प्रज्ञा महिला मानस परिवार, कुरुद-सिलियारी
**श्रीमती कुमुदिनी चंद्रवंशी**

भक्तिमय गीत-संगीत भजन
**श्री देवेश शर्मा, रायगढ़**

भक्तिमय गीत संगीत भजन
**सुश्री तृप्ति शाक्या, मुंबई**

## छत्तीसगढ़ सरकार भरोसे की सरकार

संवाद 36713/71

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in



छत्तीसगढ़िया किसानी के नवा बछर

# अक्ति तिहार

# माटी पूजन दिवस

## सब्बो मन ल जय जोहार

### भुइयां माता की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध प्रयास

**कृष्ण कुंज**

**224 एकड़** रकबे में **55 हजार** से अधिक जीवन उपयोगी पौधे ले रहे आकार

**मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना**

देश में पहली बार किसानों द्वारा पांच वर्षों में **1.8 लाख एकड़** पड़त भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण

**गोधन न्याय योजना**

खरीदे गये गोबर व गौमूत्र से बनाई **23 लाख क्विंटल** जैविक खाद और **85 हजार लीटर** ब्रह्मास्त्र (जैविक कीट नियंत्रक) और जीवामृत (वृद्धि वर्धक) के विक्रय से बढ़ रहा जैविक खेती का रकबा



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार**

संवाद 36709/26

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in


प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)